'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 186 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए शनिवार, 21 सितंबर 2024 samachargate@gmail.com

हरियाणा की जनता के विकास का रोडमैप है, भाजपा का संकल्प पत्र: राजीव जेटली

Page 3



## रामलीला के लिए भरत मिलाप का अभ्यास किया



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** श्री धार्मिक लीला कमेटी के निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि रात भरत मिलाप के कलाकारों को अभ्यास करवाया गया। उन्होंने बताया कि भरत का किरदार निभा रहे सन्नी गुलाटी ने खूब पसीना बहाकर अपनी कला को निखारा। भरत का यह संवाद राम के अनुराग में अब भरत सन्यासी बना, वास नगरी में करेगा किन्तु बनवासी बना पर उन्होंने बहुत मेहनत की तो राम का अभिनय कर रहे जितेश गेरा ने भरत मिलाप के दृश्य के लिये कड़ा अभ्यास करते हुए अपने संवाद वचन मेरा पिता आज्ञा प्रण अपना निभाओ तुम, करो मत देर अब भाई अवध को लौट जाओ तुम पर कई बार अभ्यास किया। शत्रुघ्न का रोल कर रहे सुजल ने अपना अभिनय निखारने के लिये अभ्यास किया तो लक्ष्मण की भूमिका कर रहे राजू खरबंदा ने भी भरत मिलाप के अपने संवादों का अभ्यास किया। सीता के किरदार में रिद्धी खरबंदा तो वशिष्ठ का रोल कर रहे सँचित ने भी अभ्यास करके अपना अभिनय निखारा। निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद ने कहा कि अभ्यास के बाद सभी कलाकार अलग-अलग प्रार्थनाओं का भी अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा कि कड़ा अभ्यास ही कलाकार की कला को निखारता है चाहे जितना भी पुराना व अनुभवी कलाकार क्यों न हों बिना अभ्यास के सही कला दर्शकों को दिखा पाना संभव ही नही होता इसलिये कलाकार समय निकालकर अभ्यास जरूर करते हैं।

## उज्ज्वल कल के लिए ज्ञान और करुणा के साथ अल्जाइमर से लड़ना है



समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद विश्व अल्जाइमर दिवस मना रहा है जो इस वर्ष 21 सितंबर को मनाया जाएगा। चूंकि दुनिया विश्व अल्जाइमर दिवस मना रही है, इसलिए डिमेंशिया के सबसे सामान्य रूप-अल्जाइमर रोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है। इस वर्ष, थीम, डिमेंशिया को जानें, अल्जाइमर को जानें, रोग से प्रभावित लोगों के लिए समय पर डायग्नोसिस (निदान), कदम उठाने और देखभाल की बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डालती है। हॉस्पिटल में न्यूरोलॉजी विभाग का नेतृत्व न्यूरोलॉजी के डायरेक्टर एवं एचओडी डॉ. कुणाल बहरानी करते हैं। विश्व अल्जाइमर दिवस के अवसर पर, पूरे विशेष में कम्युनिटीज और हेल्थकेयर संगठन अल्जाइमर रोग पर प्रकाश डालने के लिए एक साथ आते हैं। अल्जाइमर एक ऐसी बीमारी है जो दुनिया भर में 55 मिलियन से अधिक लोगों को प्रभावित करती है। प्रतिवर्ष 21 सितम्बर को मनाए जाने वाले विश्व अल्जाइमर दिवस का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना, डिमेंशिया से जुड़े कलंक को चुनौती देना और इस लगातार बढ़ते मस्तिष्क विकार के बारे में बेहतर समझ को बढ़ावा देना है। इस वर्ष की थीम अल्जाइमर और अन्य प्रकार के डिमेंशिया के तेजी से बढ़ते प्रभाव से निपटने के लिए रिसर्च, केयरगिविंग (देखभाल) और सार्वजनिक स्वास्थ्य में वैश्विक सहयोग के महत्व पर जोर देती है।

## होटल व जिम संचालक की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 56 की टीम ने अजरौंदा गांव में होटल संचालक की हत्या के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसीपी क्राइम अमन यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम भारत उर्फ कल्लू है जो अजरौंदा गांव का रहने वाला है। 15 सितंबर को पुलिस थाना सेंट्रल में हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपने गांव के ही रहने वाले राजेश की हत्या कर दी थी। मृतक के भतीजे शिवम की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश की जा रही थी। अपराध शाखा की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को होडल से गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि भारत और राजेश की दूर की रिश्तेदारी थी और दोनों का पैसों के लेनदेन के चलते विवाद था। मृतक राजेश होटल तथा जिम चलाता था। 15 सितंबर रविवार शाम मृतक राजेश अपने भतीजे सौरव तथा नरेश के साथ आरोपी की दुकान के पास मौजूद थे जहां पर भारत ने मृतक राजेश के साथ झगड़ा किया। भारत ने शराब पी रखी थी और उसने अपने साथियों के साथ मिलकर राजेश व उसके भतीजों के साथ मारपीट की, झगड़े के दौरान आरोपी ने राजेश के सिर पर रोड़ से चोट मारी जिससे राजेश की मृत्यु हो गई। मारपीट में मृतक राजेश के दोनों भतीजे भी घायल हो गए। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित पक्ष को अस्पताल ले जाया गया जहां राजेश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पहले भी अवैध हथियार रखने के दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस द्वारा इस मामले में आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और अन्य आरोपियों की धरपकड़ की जाएगी।

# 8 अक्टूबर के बाद 'लाडो लक्ष्मी योजना' होगी शुरू, हरियाणा की महिलाओं को मिलेंगे हर माह 2100 रुपये : नायब सैनी



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** शाहबाद विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी सुभाष कलसाना के समर्थन में आयोजित नॉन स्टॉप विकास, भाजपा पर विश्वास जन आशीर्वाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 8 अक्टूबर के बाद लाडो लक्ष्मी योजना के तहत भाजपा सरकार हरियाणा की महिलाओं को 2100 रुपये देगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत प्रदेश के लोगों को 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज की सुविधा भी मिलनी शुरू हो जाएगी। सीएम सैनी ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में लिखी सभी बातों को 8 अक्तूबर के बाद पूरा किया जाएगा। सीएम सैनी ने विपक्षी पार्टियों पर भी हमला बोला।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग गुमराह करने की राजनीति करते हैं, जबकि हमने काम करके दिखाए हैं। जन आशीर्वाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा को एक बार फिर से आशीर्वाद देने की अपील की। उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा, हमें मिलकर प्रदेश की नई सरकार का गठन करना है और मैं आपके बीच भारतीय जनता पार्टी और सुभाष कलसाना के लिए आशीर्वाद लेने के लिए आया हूं। इस मौके पर कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल, शाहबाद से भाजपा प्रत्याशी सुभाष कलसाना, जिला अध्यक्ष सुशील राणा, प्रदेश मंत्री राहुल राणा, किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता करण राजपूत व मंडल अध्यक्ष सर्वजीत कलसाना उपस्थित रहे।

**भाजपा ने प्रदेश को विकास की नई दिशा दी**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने हरियाणा प्रदेश को विकास की ऊँचाइयों पर पहुँचाने का काम किया है। उन्होंने याद दिलाया कि 2019 में जनता ने उन्हें आशीर्वाद दिया था, जिसके लिए वे कृतज्ञ हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, आज मैं आपके सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आपकी सेवा करने का अवसर पाकर गर्व महसूस कर रहा हूँ।

**56 दिनों में 126 कार्यों की शुरुआत**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मात्र 56 दिनों के भीतर उन्होंने 126 ऐतिहासिक कार्यों की शुरुआत की, जो आज हरियाणा प्रदेश के हर कोने में चर्चा का विषय हैं। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा, विपक्ष के लोग पूछते हैं कि समय कब मिला? मैं घोषणा नहीं कर रहा हूँ, बल्कि काम करके दिखाया है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैं गरीब किसान का बेटा हूँ और मुझे पता है कि किस दिशा में और किस गति से आगे बढ़ना है। मेरे 56 दिनों का कार्यकाल विपक्ष के 10 साल के कार्यकाल से भारी पड़ेगा।

**विपक्ष की हमेशा से गुमराह करने की रही राजनीति**

मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस, पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वे जनता को गुमराह करने में लगे हुए हैं। कांग्रेस के नेता झूठे वादों और घोषणाओं के साथ जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि हमारी सरकार ने ठोस काम करके दिखाया है। हम 8 अक्टूबर के बाद भाजपा सरकार का गठन करेंगे और जो कार्य हमने शुरू किए हैं, उन्हें और गति देंगे।

**प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ी सफलता**

नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक लाख से अधिक मकान बनवाने की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मकान बनवाकर लोगों को चाबी और कब्जा सौंपा है। उन्होंने कहा, हमने उन लोगों को भी कब्जा दिलाने का काम किया है, जिनका 100 गज के प्लॉट्स का वादा पिछली सरकार ने किया था, लेकिन उन्हें कब्जा नहीं मिल पाया था।

# पृथला विधानसभा में पिछले पांच साल में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यः नयनपाल रावत



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी नयनपाल रावत ने क्षेत्र के गांव साहुपुरा, सुनपेड, सागरपुर, डीग, असावटी एवं मलेरना में जनसभाओं को सम्बोधित किया। सभी जगह कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व विधायक नयनपाल रावत क्षेत्र की जनता ने फूल-मालाओं से एवं बुक्केदेकर जोरदार स्वागत किया। वहीं, नयनपाल रावत की धर्मपत्नी भी क्षेत्र के गांवों में प्रचार के लिए निकली और महिलाओं से सम्पर्क किया। ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए नयनपाल रावत ने कहा कि पिछले 5 वर्ष के कार्यकाल में पृथला विधानसभा क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के जिस भी गांव से सरदारी उनके घर पर आई या उनके कार्यालय पर आई, कभी किसी को निराश नहीं भेजा।

इस मौके पर मोहना से दानी सरपंच, शशिबाला तेवतिया एवं जाजरू से अजय सरपंच ने कहा कि नयनपाल रावत ने अपनी सारी जवानी एवं जीवन भारतीय जनता पार्टी को दे दिया, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने एक ऐसी प्रत्याशी को टिकट दी, जो 2019 में नयनपाल के सामने चुनाव हारने के डर से चुनाव नहीं लड़ा। उन्होंने कहा कि जैसे आपने वर्ष 2019 में नयनपाल रावत को निर्दलीय चुनाव जिताकर विधानसभा भेजा, उसी प्रकार एक बार फिर कमाल कर दो और विजयी बनाएं। हमें भरोसा है क्षेत्र के लोगों के काम करेंगे और लोगों की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे। नयनपाल रावत आप लोगों के परिवार का हिस्सा है, आपका बेटा है, आपका दोस्त है। आपको तय करना है कि क्षेत्र के विकास को चुनना है या भ्रष्टाचार को चुनना है।

# एनआईटी से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा के समर्थन में आफताब अहमद ने की वोट की अपील

## वरिष्ठ नेता इकराम खान कांग्रेस में हुए शामिल



समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आफताब अहमद ने कहा है कि भाजपा के खिलाफ सिर्फ कांग्रेस लड़ाई लड़ रही है। अन्य सभी राजनैतिक दल भाजपा से गठजोड़ कर अपना वर्चस्व बनाकर जनता को लूटना चाहते है। जिस तरह से साढ़े चार साल दुष्यंत चौटाला ने भाजपा के साथ सरकार चलाकर लोगों को धोखा देने का काम किया। इस प्रकार अन्य पार्टियां अपना दांव लगाने की फिराक में है। प्रदेश की जनता को इससे सावधान रहना होगा। कांग्रेस पार्टी ही देश व प्रदेश का भला कर सकती है। आफताब खान एनआईटी फरीदाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा के पक्ष में वोट की अपील करने क्षेत्र के बड़े गांव धौज पहुंचे थे। जहां पहुंचने पर लोगों ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत किया। वहीं इस मौके पर वरिष्ठ बसपा नेता इकराम खान के साथ प्रदीप राणा, वेदपाल, नासीर सरपंच, जाहिद सरपंच, आसिफ सरपंच, बीरू सरपंच, कर्मवीर सरपंच, फारूक, युसूफ जुलफिकार मलिक, हाजी मोहम्मद अली आदि कांग्रेस में शामिल हुए। इकराम खान की क्षेत्र के मजबूत नेताओं में गिनती होती है। वह यहां से जिला पार्षद भी रहे है।

पूर्व मंत्री आफताब अहमद के आह्वान पर गांव की मौजिज सरदारी ने कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा को भारी मतों से विजय बनाने का आशीर्वाद दिया। इकराम खान के कांग्रेस में शामिल होने पर कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा ने कहा कि उनके शामिल होने से कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में विकास को काफी गति मिली थी। जिस पर भाजपा ने ब्रेक लगाकर रख दिया। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा अपनी जुबान के पक्के हैं तथा कांग्रेस अपने संकल्प पत्र पर कायम रहेगी।

बहुजन समाज पार्टी छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए इकराम खान ने कहा कि कांग्रेस उनका पुराना परिवार है। कांग्रेस आज देश में संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही है। भाजपा भय और भ्रष्टाचार की राजनीति करती है। जबकि कांग्रेस विकास, युवाओं को रोजगार देने और भाईचारा की राजनीति करती है। कोई भी देश तभी तरक्की करता हैए जहां भेदभाव के बिना अमन चैन और कानून व्यवस्था मजबूत होती है और ये कांग्रेस में ही सम्भव है उन्होंने कहा कि स्वर्गीय पंडित शिव चरणलाल शर्मा के समय में एनआईटी में काफी विकास कार्य हुए थे। कांग्रेस प्रत्याशी नीरज शर्मा एक जुझारू व्यक्ति हैं। विपक्ष में रहते हुए एनआईटी विधानसभा में इन्होंने काफी संघर्ष किया है और अब फिर से कांग्रेस सरकार बनने जा रही है। ऐसे में क्षेत्र के विकास के लिए आज वह तन-मन-धन से कांग्रेस में शामिल हुए हैं।

## विधानसभा चुनाव में पीओ-एपीओ की अहम भूमिका : डीसी



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन की ओर से सभी विधानसभा क्षेत्रों में पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शुक्रवार को श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय कन्या महाविद्यालय बल्लभगढ़ में पीठासीन अधिकारियों व सहायक पीठासीन अधिकारियों की बैठक में डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशिक्षण के दौरान पीओ-एपीओ को चुनाव प्रक्रिया में मतदान के दौरान निभाई जाने वाली जिक्वमेवारी के बारे में बेहतरीन रूप में सुचारू व्यवस्था के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार आम विधानसभा चुनाव-2024 में चुनाव आदर्श आचार सँहिता के नियमों की पालना के लिए ड्यूटी पर तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारी चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र के जरिये पोस्टल पेपर से मतदान करें। उन्होंने विधानसभा चुनाव से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि चुनाव में ड्यूटी देने वाले अधिकारी आगामी 05 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए इडीसी अथवा पोस्टर बैलेट के द्वारा अपना मतदान अवश्य करें। चुनाव ड्यूटी से संबंधित अधिकारी और कर्मचारी अपना आवेदन फार्म नंबर 12 और 12ए को भरकर निर्धारित सुविधा केन्द्र पर जमा करवा सकते हैं तथा वहीं से अपना पोस्टर बैलेट अथवा चुनाव ड्यूटी प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## गुडाधे ने लोकसभा के 9 आब्जर्वर की बैठक ली



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद गुड़गाव रोड़ स्थित दी बिग अरारचिर्ड होटल में ऑल इंडिया कांग्रेस के सचिव एवं सहप्रभारी प्रफुल गुडाधे की अध्यक्षता में फरीदाबाद लोकसभा के 9 आर्बजवर की बैठक संपन्न हुई। इस मौके पर फरीदाबाद लोकसभा प्रभारी हिम्मत सिंह पटेल भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में प्रफुल गुडाधे ने हथीन प्रभारी तबरेज खान, होडल प्रभारी एवं कांग्रेस प्रवक्ता हरनाम सिंह, पलवल प्रभारी अशोक बैसोया, पृथला प्रभारी राजेश चौधरी, एनआईटी फरीदाबाद प्रभारी दीपक शर्मा, बड़खल प्रभारी प्रदीप तंवर, बल्लभगढ़ प्रभारी अमीन खान सूरी, फरीदाबाद शहर प्रभारी तबसुम फातिमा और तिगांव प्रभारी संगीता गर्ग सभी से संगठन को चाक चौबंद करने और सभी नौ विधानसभा जिताने का संकल्प लिया। उन्होंने प्रचार सामग्री की क्या व्यवस्था है और कितने लोग जमीनी स्तर पर काम कर रहे है इसके बारे में भी जानकारी ली। सभी 9 आर्बजवर ने सहप्रभारी को आश्वासन दिया कि हम सभी 9 विधानसभा जीतने जा रहे है क्योंकि फरीदाबाद लोकसभा में कांग्रेस बहुत ही मजबूत स्थित में है। बैठक के बाद कांग्रेस एचसी विभाग के प्रदेश महासचिव एवं स्व0. बिहारी लाल वाल्मीकि के धेवता कृपाल सिंह ने अपनी टीम जिसमें बाबू लाल लोहेड़ा,विनोद सुल्तान,के साथ प्रफुल गुडाधे जी का स्वागत किया। कृपाल सिंह ने उन्हें बताया कि पूरी कांग्रेस एकजुट होकर पूरी ताकत और मेहनत से काम कर रही है जिसका नतीजा आपके 8 अक्टूबर को मिलेगा जब हम सभी 9 विधानसभा सीट जीतेंगें।

## 5 अक्टूबर को करें मतदान और दो दिन पाएं ब्रांडेड दुकानों पर विशेष छूट : डीसी




समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि आने वाली 05 अक्टूबर को मतदान करें और उसी दिन तथा अगले दिन नामी-गिरामी दुकानों पर विशेष छूट का लाभ उठाएं। मतदान करने के बाद अंगुली पर लगी स्याही दिखाकर चिन्हित शोरूम में विभिन्न उत्पादों व खाद्य पदार्थों पर 10 से 20 प्रतिशत की छूट का फायदा ले सकते हैं। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि चुनाव का पर्व-प्रदेश का गर्व थीम के साथ हरियाणा विधानसभा चुनाव आयोजित हो रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व मतदान में हर नागरिक को हिस्सा लेना चाहिए। स्वीप गतिविधियों के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने बताया कि सेक्टर-12 स्थित पैबल डाउनटाउन मॉल ने मतदाताओं को प्रोत्साहन देने में विशेष पहल की है। मॉल स्थित नामी-गिरामी शोरूम संचालकों ने घोषणा की है कि वे 05 अक्टूबर को मतदान करने वाले मतदाताओं को उनके उत्पादों की खरीद पर विशेष छूट देंगे। यह छूट दो दिन मिलेगी। मतदान करने के उपरांत 05 व 06 अक्टूबर को जो मतदाता मॉल स्थित 18 ब्रांडिड शोरूम पर जाकर अपनी मतदान की स्याही लगी अंगुली दिखायेगा उसको विशेष छूट प्राप्त होगी। अतिरिक्त उपायुक्त डा. शर्मा ने जानकारी दी कि मॉल में चिन्हित 18 ब्रांडिड शोरूम में कैफे देहली हाइट्स 20 प्रतिशत छूट का लाभ प्रदान करेगा। शेष सभी 17 शोरूम अपने उत्पादों पर 10 प्रतिशत की छूट देंगे, जिनमें चुनमुन, पेंटालून्स, स्टारबक्स, सोशल, ग्लोबल रिपब्लिक, मीना बाजार, ले-मार्क, सागर रत्ना, चंचाय, बर्गर सिंह, खान चाचा, बीकानेर, अमृतसरी, कैलिफोर्निया बुर्रिटो, फैटिगर और बैरी ब्रदर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन शोरूम पर मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग करते हुए विशेष छूट का लाभ जरूर उठाना चाहिए।

## गांव नोटकी एवं खोरी में भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद को मिला जनसमर्थन



(अनिल मोहनियां नूंह)
भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद ने क्षेत्र के गांव नोटकी एवं खोरी का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने इनेलो कांग्रेस छोड़कर सैकड़ों लोगों ने भाजपा में अपनी आस्था जताई। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी नसीम अहमद ने कहा कि प्रदेश में आने वाला समय भाजपा का होगा। तीसरी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इसलिए सभी लोग भाजपा के साथ जुड़कर क्षेत्र में कमल खिलाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि फिरोजपुर झिरका क्षेत्र में विकास की काफी संभावना है भारतीय जनता पार्टी ने यहां से दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे को निकाल कर प्रदेश की तकदीर को बदला है इसलिए आज क्षेत्र के लोग विकास के लिए अपना वोट बीजेपी को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को बिना खर्ची पर्ची के नौकरी तो प्रदेश सरकार में विकास के सभी कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ पूरे कराए गए हैं क्षेत्र के लोगों को समझना चाहिए कि वह अपना वोट भाजपा को देकर उनको जीत दिलाने का कार्य करें। उनकी जीत विधानसभा के 36 बिरादरी के लोगों की जीत होगी। कांग्रेस व दूसरे दलों में यहां पर कभी विकास की नहीं सोची। जिले की पुरानी लंबित मांगों को कांग्रेस ने कभी पूरा नहीं कराया। पूर्व में यूपीए सरकार में कांग्रेस ने जिले में एक भी बड़ा विकास कार्य नहीं करवाया जबकि भाजपा ने यहां पर विकास के साथ शिक्षा के क्षेत्र में बड़े कार्य किया।

# आफताब ने जारी किया अपना वचन पत्र, पार्टी के आलावा भी नूंह के विशेष घोषणा पत्र

(अनिल मोहनियां नूंह)
नूंह से कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी आफताब अहमद ने कांग्रेस पार्टी के प्रदेश स्तरीय मैनिफेस्टो के अलावा नूंह जिले के लिए कांग्रेस मुख्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एक विशेष वचन पत्र जारी किया है। उन्होंने कहा कि दस सालों से नूंह जिले का विकास बीजेपी सरकार ने रोक रखा है, अब कांग्रेस सरकार बनने पर विकास कार्य तेज किया जाएगा ताकि बीते दस सालों की भरपाई हो सके। बता दें कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष उदय भान, हरियाणा के नेता विपक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने घोषणा पत्र जारी किया जिसमें महिलाओं के लिए हर महीने 2000 रुपये भत्ता, 500 रुपये सिलेंडर के लिए, किसानों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी, फसलों का तत्काल मुआवजा का वायदा किया है। वहीं युवाओं के लिए भर्ती विधान के तहत 2 लाख पक्की नौकरियां व नशा मुक्त प्रदेश बनाने की घोषणा की तो पिछड़ों के लिए जातिगत सर्वे, वहीं क्रीमी लेयर की सीमा 10 लाख रुपये तक बढ़ाने का वायदा भी शामिल है। सामाजिक सुरक्षा के तहत बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं को छह हजार रुपये महीना पेंशन, पुरानी पेंशन की बहाली, 300 यूनिट तक बिजली फ्री, 25 लाख तक का फ्री इलाज का प्रावधान किया है। गरीबों के लिए 100 गज का प्लाट, 3.5 लाख की लागत से दो कमरों का घर कांग्रेस के घोषणा पत्र में शामिल हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने अपने विशेष वचन पत्र में जिले में एक आधुनिक विश्वविद्यालय बनाने, शिक्षकों की कमी पूरी करने, शिक्षा प्रणाली दुरुस्त कर मेवात कैडर को ओर सशक्त करने का वायदा किया है। उजीना, इंडरी व आंकिड़ा में राजकीय महाविद्यालय स्थापित करने, हर गांव में लाइब्रेरी, ई लाइब्रेरी व मुफ्त वाईफाई स्पॉट बनाने, शहीद हसन खां मेवाती मेडीकल कॉलेज नलहड़ व अन्य चिकित्सक संस्थाओं को दुरुस्त कर आधुनिक अस्पताल के अनुरूप इलाज व नूंह में 100 बेड का आधुनिक अस्पताल बनाने का वचन दिया है। कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने नशेखोरी से ग्रस्त युवाओं को नशे की लत से मुक्त कराकर मुख्य धारा में जोड़ने, खिलाड़ियों के लिए जिले में एक आधुनिक राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम बनाने, सभी स्टेडियमो का कायाकल्प करके सम्पूर्ण खेल सुविधाएं देने का वायदा किया है। वहीं सिंचाई के लिए जिले को पूरा निर्धारित पानी देने गुणवत्ता सहित देने, जिले में प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उत्कृष्ट कोचिंग संस्थान शुरू करने का वायदा किया। आफताब अहमद के वचन पत्र में जल भराव वाले क्षेत्रों जैसे नूंह, सडाका, नौशेरा, जयसिंहपुर, अकिड़ा, उजीना, ढेंकली सहित सभी ऐसे क्षेत्रों में जल निकासी व सभी सेम ग्रस्त कृषि भूमि का स्थाई समाधान का भरोसा दिया तो राष्ट्रीय राजमार्ग 248 ए - नूंह फिरोजपुर झिरका का चौड़ीकरण भी करने का वायदा किया है। उन्होंने दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे के कलिंजर टोल प्लाजा ( नूंह होडल रोड ) पर दिल्ली की ओर जाने के लिए प्रवेश व निकास और पुन्हाना बडकली रोड पर मरोड़ा में कट का प्रावधान करवाने के साथ साथ पलवल नूंह, होडल नूंह पटौदा, होडल पुन्हाना बड़कली सड़क चौड़ीकरण की घोषणा की है। वहीं आईएमटी सोहना में उद्योग धंधे स्थापित करके और स्थानीय कॉलिजों, शिक्षण संस्थानों के साथ उनका एम ओ यू करा कर रोजगार प्रदान करने, उजीना, संगैल, बीबीपुर, जयसिंहपुर, देवला नंगली, बझेड़ा व अन्य गांवो में इंडस्ट्रियल पार्क/ जोन विकसित करने की परियोजना शामिल हैं। आफताब अहमद ने प्रत्येक गाँव, शहर में बिजली, पीने के पानी की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित का वायदा किया। तो यूनानी मेडिकल कॉलेज, मेवात कैनाल,ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल, कोटला झील सहित कांग्रेस सरकार की पिछली मंजूरशुदा परियोजनाओं को भी पूरा कराने का यकीन दिलाया। कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद ने कहा कि इन कार्यों के अलावा जनहित के अन्य जरूरी मुद्दों, जरूरतों का स्थाई समाधान करवाने का काम भी साथ साथ किया जाएगा वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस प्रत्याशी आफताब अहमद को गांव सादई, बड़का अलीमुद्दीन, छोपडा आदि में जोरदार समर्थन मिला जब सैंकडों लोगों ने बीजेपी इनेलो आदि छोड़ कांग्रेस को समर्थन दे दिया। जिनमें हाजी असर खां सरपंच, दाऊद, रुस्तम दूधिया, फते मोहम्मद मेंबर, जमशेद नंबरदार, मोसिम मेंबर, जकरिया, राशिब, जुबेर, शाकिर, मौलवी आजम, मौलवी रशीद, अरसद साकिर, मुस्तकीम उर्फ मोटा, मोहम्मद, अल्ताफ, कबीर आदि शामिल रहे।



## होडल मै स्वास्थ्य जांच शिविर में 150 लोगों ने कराई अपने स्वास्थ्य की जांच



समाचार गेट हरिओम भारद्वाज
होडल हसनपुर चौक के निकट एक निजी अस्पताल के प्रांगण में शुक्रवार के स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पार्क अस्पताल फरीदाबाद से पहुंची डाक्टरों की टीम ने रोगों की जांच की। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पार्क अस्पताल के अध्यक्ष कर्नल इंद्रवीर सिंह गहलोत मौजूद थे जबकि अध्यक्षता रेडियोग्राफर कुलदीप सिंह ने की। इस मौके पर शिविर में 150 लोगों ने अपने रोग की जांच कराई।
हसनपुर चौक के निकट एक निजी अस्पताल में आयोजित स्वास्थ्य जहां शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में पार्क अस्पताल से पहुंची डाक्टरों की टीम ने लोगों की हड्डी, नाक, कान, गला व त्वचा से संबंधित रोगों की जांच की। शिविर में 150 मरीजों की जांच की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि गहलोत ने कहा कि लोगों को इस प्रकार के निशुल्क जांच शिविर समय समय पर लगाते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक मनुष्य का शरीर स्वस्थ नहीं है तब तक वह किसी कार्य को पूरा नहीं कर सकता। इस मौके पर पार्क अस्पताल से विशेषज्ञ डा. हर्ष वर्धन, डॉ कनिष्का कौर, डा. अभिषेक, बलजीत, अमित कुमार, जय प्रकाश, आनंद शर्मा, लक्ष्मी नारायण, दुली चंद, महेश कुमार, सूरज सिंह के अलावा सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## रैड क्रॉस सोसायटी नूंह के अध्यक्ष धीरेंद्र खड़गटा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर




अनिल मोहनियां नूंह
जिला उपायुक्त एवं जिला रैड क्रॉस सोसायटी नूंह के अध्यक्ष धीरेंद्र खड़गटा के कुशल मार्गदर्शन में जिला रैड क्रॉस सोसायटी दिन प्रतिदिन जन कल्याण की गतिविधियों को संचालित कर रही है। शुक्रवार को जिला रैड क्रॉस सोसायटी नूंह ने रैड क्रॉस भवन में स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिविल सर्जन सरबजीत थापर ने सभी 15 रक्तदाताओं को रक्तदाता बैज लगाते हुए किया तथा सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर उनका धन्यवाद किया। साथ ही उन्होंने सभी को जागरूक करते हुए बताया की रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं और ये दान अमूल्य होता है। सभी आमजन को सोचना चाहिए कि रक्त किसी उद्योग में नहीं बनता। रक्तदानी ही रक्तदान करते हुए जरूरतमंद मरीजों का जीवन अपने रक्त से बचाते हैं। जिला रैड क्रॉस सोसायटी नूंह के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने बताया कि विधानसभा चुनाव की स्वीप गतिविधियों के तहत इस रक्तदान शिविर के आरंभ में सभी युवाओं को शत प्रतिशत, निष्पक्ष एवम शांतिपूर्ण मतदान के लिए शपथ दिलाई गई। उन्होंने बताया कि हर वह युवा जिसकी उम्र 18 वर्ष हो उसका वजन 45 किलो से अधिक, उसका हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम हो तथा वह नियमित तौर पर दवाईयां न खाता हो वह व्यक्ति 90 दिनों के अंतराल तथा महिला 120 दिनों के बाद पुनः रक्तदान कर सकते हैं। सभी युवाओं को रक्तदान अपने जन्मदिन, बुजुर्गों की पुण्यतिथि, शादी की सालगिराह तथा महापुरषों की जयंती तथा शहीदी दिवस पर रक्तदान किया जा सकता है। उन्होंने बताया की इस शिविर में इस रक्तदान शिविर में महेश मलिक ने स्वयं 43वीं तथा नरेश कुमार ने 39वीं बार रक्तदान किया तथा 11 रक्तदाताओं ने पहली बार रक्तदान करते हुए खुशी जाहिर की। शिविर के सफल आयोजन में मांडीखेड़ा ब्लड बैंक इंचार्ज स्वाति यादव रामजीत एवम रैड क्रॉस सोसायटी से नितिन कुमार, रामलाल का अहम योगदान रहा।

## चौधरी ताहिर हुसैन का बढ़ रहा लगातार जनाधार, जनसंपर्क के दौरान भव्य स्वागत

(अनिल मोहनियां नूंह)
शुक्रवार को नूँह विधानसभा से इनेलो-बसपा गठबंधन प्रत्याशी चौधरी ताहिर हुसैन ने बड़ेलाकी, कंवरसीका, रायसीका, बाई का डंडा, रोजका मेव, महरौला, खोड़ बसई, कुतबगढ़, मेलावास आदि गांवों का दौरा कर लोगों से वोट की अपील की। सभी गांवों में ताहिर हुसैन के प्रति भारी जोश व उत्साह देखने को मिला। चौधरी ताहिर हुसैन को ग्रामवासियों व नौजवान साथियों ने लंबे काफिले के साथ गांवों में लेकर पहुंचे। चौधरी ताहिर हुसैन ने ग्राम वासियों का इस शानदार स्वागत व बेपनाह मोहब्बतों के लिए शुक्रिया व आभार जताया। उन्होंने कहा कि आप लोगों के जोश ने विपक्षियों की नींद उड़ा दी है। मुझे व मेरे परिवार को आप लोगों ने मरहूम चौधरी मोहम्मद यासीन खाँ व मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन अपार प्यार व जनसमर्थन दिया है। इंशा अल्लाह चुनाव तो आप रिकार्ड मतों से जीत रहे हैं, पर ये जोश हमें आगामी 5 अक्तूबर तक बरकरार रखना है। ताहिर हुसैन ने कहा कि ये आप लोगों का चुनाव है। युवाओं के उज्जवल भविष्य का चुनाव है। मेरा हर कार्यकर्ता अपने आप में ताहिर हुसैन है। मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन के दिखाए हुए रास्ते पर चलकर हम 36 बिरादरी के मान-सम्मान की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मेरे किसी भी कार्यकर्ता को मायूस होने की जरूरत नहीं है। मैं हमेशा आप लोगों की परछाई बनकर आप लोगों के साथ खड़ा हूँ। आप लोगों का सुख-दुख मेरा सुख-दुख है। आप लोगों का जहाँ पसीना बहेगा, वहाँ पर आपका यह भाई और बेटा खून बहाने से भी पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने कहा कि इस अपार जनसमर्थन, दुआओं व असीम प्रेम का हमेशा मेवात की 36 बिरादरी का कर्जदार रहूँगा। उन्होंने कहा कि इंशा अल्लाह सही वक्त आने पर आप लोगों द्वारा बहाए गए पसीने की एक-एक बूँद का कर्ज चुकाऊँगा। ताहिर हुसैन ने कहा कि प्रदेश में इनेलो-बसपा गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। इनेलो सुप्रीमों चौधरी ओमप्रकाश चौटाला व चौधरी अभय सिंह चौटाला को मेवात क्षेत्र की हमेशा फिक्र रहती है। स्व: चौधरी देवीलाल परिवार का मेवात क्षेत्र से विशेष लगाव है। इनेलो बसपा प्रत्याशी चौधरी ताहिर हुसैन ने 9 गांवों के किसानों द्वारा दिए जा रहे धरने पर भी पहुंचकर उन्हें अपनी तरफ से और पार्टी की तरफ से समर्थन दिया। उन्होंने कहा की चौधरी अभय सिंह चौटाला ने तो हर बार धरने पर पहुंचकर 9 गांव के किसानों को समर्थन दे रखा हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि इनेलो बसपा की सरकार आने या सरकार में साझेदारी होने पर 9 गांवों के किसानों की मांगों को पहली कलम से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर अल्लाह ताला ने उन्हें विधायक बनने का मौका दिया तो 9 गांवों की मांगों को पूरा करने का पूरा प्रयास करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ इनेलो नेता सोहराब खेड़ी भी साथ रहे।



## दिव्यांग मतदाता ईसीआई सक्षम एप के माध्यम से ले सकते हैं सहायता : धीरेंद्र खड़गटा

अनिल मोहनियां नूंह



उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा धीने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी वर्गों की हरियाणा विधानसभा आम चुनाव 2024 में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए मताधिकार का प्रयोग सहज एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से सक्षम एप बनाया गया है। वह मोबाइल एप दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधा को देखते हुए एक प्रकार से दिव्यांग मतदाताओं के लिए वरदान है। दिव्यांगजन चुनाव से जुड़ी मतदाता केंद्रित विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने के लिए इस एप का उपयोग कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि सक्षम एप के इंटरफेस को दिव्यांगजनों की जरूरतों को देखते हुए उनके अनुकूल बनाया गया है। सक्षम एप के माध्यम से दिव्यांग वोटर मतदाता सूची में अपना नाम चेक करने के अलावा पोलिंग बूथ की लोकेशन, बूथ तक आवागमन के लिए व्हीलचेयर के लिए अनुरोध कर सकता है। नए मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण करवा सकता है, वोटर कार्ड में सुधार, वोटर कार्ड को आधार से जुडवाने या चुनावी प्रक्रिया से संबंधित अन्य प्रकार की सेवाओं के लिए अनुरोध कर सकता है। यहां तक कि चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के बारे में जानकारी भी प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि सक्षम एप द्वारा दिव्यांग मतदाता मतदान को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या के लिए संपर्क कर सकता है व शिकायत भी दर्ज कर सकता है।

**गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं सक्षम एप**

उन्होंने बताया कि प्रार्थी सक्षम एप गूगल प्ले स्टोर से अपने एंड्रॉयड मोबाइल पर डाउनलोड करें। एप खुलते ही वोटर रजिस्ट्रेशन, पोलिंग बूथ पर सुविधाएं, वोटर कार्ड से संबंधित जानकारी और सूचना एवं शिकायत का ऑप्शन आएगा। इसके उपरांत अन्य सुविधाओं के लिए एप का उपयोग किया

## क्रिटिकल मतदान केंद्रों के लिए भवन वाइज माइक्रो आब्जर्वर की रेंडमाइजेशन से नियुक्ति

अनिल मोहनियां नूंह
हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हाल में सामान्य पर्यवेक्षक जे. मंजूनाथ व अवधेश कुमार तिवारी की उपस्थिति में जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में स्थित क्रिटिकल मतदान केंद्रों के लिए भवन वाइज माइक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से की गई। इस रेंडमाइजेशन के तहत तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 72 माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए गए तथा 29 माइक्रो आब्जर्वर को रिजर्व श्रेणी में रखा गया है। रेंडमाइजेशन के तहत क्रिटिकल बूथों के लिए भवज वाइज नूंह विधानसभा क्षेत्र में 22, फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र में 33 तथा पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र में 17 माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं तथा नूंह के लिए 9, फिरोजपुर झिरका के लिए 13 तथा पुन्हाना के लिए 7 माइक्रो आब्जर्वर को रिजर्व की श्रेणी में रखा गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगराधीश अशोक कुमार ने बताया कि रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत आज जो आब्जर्वर की नियुक्ति की गई है, उसकी आगामी 24 सितंबर को प्रातः 10 बजे लघु सचिवालय के मीटिंग हाल में रिहर्सल करवाई जाएगी तथा उन्हें चुनाव संबंधी डयूटी व जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। रिहर्सल में सभी माइक्रो आब्जर्वर की उपस्थित जरूरी है, इसलिए सभी को इसकी जानकारी भेज दी गई है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक, एसीयूटी अनिरुद्ध यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# होडल भिडुकी में मिल रहे बीजेपी को भारी समर्थन से अन्य पार्टियां घबराई वही बीजेपी मै खुशी की लहर

समाचार गेट हरिओम भारद्वाज
होडल भाजपा प्रत्याशी हरेंद्र रामरतन का चुनाव प्रचार दिनों दिन बढता ही जा रहा है। शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी हरेंद्र को जहां शहर की विभिन्न पटिटयों और कालोनियों के लोगों ने उन्हें जीत का आश्वासन दिया तो वहीं गांव भिडूकी में भाजपा प्रत्याशी हरेंद्र के समर्थन में लगभग 20 जगहों पर स्वागत किया गया। भिडूकी में चार दर्जन से अधिक ट्रैक्टरों और गाडियों में सवार युवा वर्ग डीजे और काफिले के साथ भाजपा प्रत्याशी हरेंद्र को गांव लेकर पहुंचे, जहां ग्रामीणों द्वारा हरेंद्र का फूल माला व पगडी पहनाकर स्वागत किया गया। गांव में निकाले गए काफिले के दौरान सडकों पर भारी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। इतनी अधिक संख्या में भीड देखकर ग्रामीणों ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में उमडी भीड को देखकर कांग्रेसियों के हौसले पस्त होते दिखाई दे रहे हैं। हरेंद्र के समर्थन में शुक्रवार को होडल में भैंरों वाली चौपाल पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरीसिंह नेताजी,लालजी नम्बरदार,मंडी प्रधान लखविंद्र सिंह,दाताराम,विनय महलवाले, राजेंद्र पार्षद, राजवीर, होशियार, बंटी ठेकेदार, किशनसिंह, बुद्धि, प्रेमी, रघुवीर, लखन बघेल, लोहरे पहलवान, सतवीर नम्बरदार, दलीप ,लेखराज, अजीत बैनीवाल कादोना वाले,जयवीर,कुमरपाल सहित सैंकडों की संख्या में मौजिज लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर मौजूद मौजिज लोगों का कहना था कि भाजपा प्रत्याशी हरेंद्र रामरतन का स्वभाव इतना सहज और सरल है कि जब भी लोग उनका पगडी या माला पहनाकर स्वागत को तैयार होते हैं तो हरेंद्र स्वयं ही दूसरों का पगडी बांधकर स्वागत करते हैं। इतना ही नहीं हरेंद्र किसी मंच या कुर्सी आदि पर बैठने के बजाय जनता के बीच जमीन पर बैठना पसंद करते हैं, जबकि दूसरे प्रत्याशी हैं कि पगडी पहनने के लिए काफी देर तक इंतजार करते रहते हैं और मंचासीन होकर गदगद होते हैं। भाजपा प्रत्याशी दंडवत प्रणाम कर महिला पुरुषों को आकर्षित कर क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं। इस अवसर भाजपा प्रत्याशी हरेंद्र ने कहा कि वह उनका बेटा और भाई है। उनके पिता रामरतन ने जिस प्रकार से वर्षों पहले क्षेत्र का विकास कराने में सहयोग दिया था,उसी प्रकार वह भी इस मामले में पीछे नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनके पिता और क्षेत्र के बजुर्गों के संस्कार और संकृति से दूर नहीं होंगे। 24 घंटे जनता की सेवा में जुटे रहेंगे। उन्होंने लोगों से अपील कर कहा कि आने वाली 5 अक्तूबर को वह अपने भांजे और होडल से भाजपा के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करें,
ताकि होडल क्षेत्र विकास के मामले में पीछे नहीं रहे। जिस पर होडल की भैंरों वाली चौपाल पर एकत्रित सैंकडों युवाओं ने पूरे जोश के साथ अबकि बार होडल में कमल खिलने का नारा दिया और जमकर हरेंद्र के पक्ष में समर्थन दिया। इस अवसर पर हरेंद्र के साथ सैंकडों की संख्या में बुजुर्ग और युवा वर्ग मौजूद था।



# हरियाणा की जनता के विकास का रोडमैप है, भाजपा का संकल्प पत्र : राजीव जेटली

## प्रदेश की जनता की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं पर हमेशा खरा उतरे, आगे भी उतरेंगे : राजीव जेटली

## संकल्प पत्र के सभी संकल्प करेंगे पूरे, हरियाणा का करेंगे नॉन-स्टॉप विकास : राजीव जेटली



बीजेपी कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव जेटली संकल्प पत्र की जानकारी देते हुए संग में राज कुमार बोहरा व गोपाल शर्मा: फोटो ओमप्रकाश पंचाल)

**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव जेटली ने प्रेस वार्ता कर भाजपा के संकल्प पत्र के 20 संकल्पों की प्रशंसा की और कहा कि वीरवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा जारी हरियाणा विधानसभा चुनाव का संकल्प पत्र, हरियाणा की जनता के विकास का रोडमैप है, जो गरीब, किसान, महिला, युवा, उद्योगपति, छोटे व्यापारी, पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति आदि सभी वर्गों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला है। फरीदाबाद भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर आयोजित प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा, प्रदेश संयोजक लीगल सेल गोपाल शर्मा, जिला मीडिया सह प्रभारी राज मदान, आभाष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

**नॉन स्टॉप करेंगे विकास:**

जेटली ने कहा कि 2014 एवं 2019 के संकल्प पत्रों के सभी संकल्पों को पूरा कर हम हमेशा प्रदेश की जनता की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं पर खरा उतरे हैं। 2024 के संकल्प पत्र में हरियाणा प्रदेश के लोगों की जो अपेक्षाएं हैं, उन पर आगे भी खरा उतरेंगे और हमारे संकल्प पत्र के सभी संकल्पों को पूरा करके प्रदेश का नॉन स्टॉप विकास करेंगे। देश और प्रदेश की जनता ने भाजपा सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल का नॉन स्टॉप विकास देखा है और पिछले 10 वर्षों में जनता का भाजपा में विश्वास बढ़ा है। प्रदेश की जनता ने पूरा मन बना लिया है कि तीसरी बार भाजपा को ही सत्ता पर काबिज करेगी।

**कांग्रेस चुनाव के बाद वादों को जाती है भूल:**

जेटली ने कांग्रेस के ऊपर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा भ्रामक और झूठ वादे करती है और चुनाव के बाद घोषणा पत्र के वादों को भूल जाती है, जिसका जीता जागता उदाहरण हिमाचल, कर्नाटक और तेलंगाना राज्य हैं जहाँ की जनता उनके झूठे वादों से त्रस्त है। चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी भ्रामक और झूठे वादों से जनता को झांसा देती है और जनता के वोट लूटने का काम करती हैं। कांग्रेस का इतिहास रहा है जनता को झूठे वादे करो और सत्ता पर काबिज हो जाओ। जनता अब इनके बहकावे में आने वाली नहीं है।

**प्रदेश में भी जीत की लगायेंगे हेट्रिक:**

श्री जेटली ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद पहले ही दिन से अपने वादों को पूर्ण करने के काम में जुट जाती है। भारतीय जनता पार्टी ने 10 वर्षों में अपने 2014 और 2019 के संकल्प पत्रों में लिखे हर संकल्प और वादे को पूर्ण करने का काम किया है और प्रदेश का विकास कर प्रदेश की जनता को मजबूत किया है। जिस तरह भाजपा की प्रदेश सरकार ने मोदी जी और केंद्र की भाजपा सरकार के साथ मिलकर पिछले 10 वर्षों में हरियाणा का नॉनस्टॉप विकास किया है, उसी तरह अगले 5 वर्षों में भी उससे भी तेज गति से विकास करेंगे। प्रदेश की जनता के आशीर्वाद से केंद्र सरकार की तरह प्रदेश में भी जीत की हेट्रिक लगायेंगे।

**भाजपा के संकल्प पत्र के 20 संकल्प :**

श्री जेटली ने भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र के सभी 20 संकल्पों को प्रेस के साथ साँझा करते हुए कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में प्रदेश की हर महिला के खाते में 2100 रुपये डालने और महिलाओं को 500 का गैस सिलेंडर देने का संकल्प किया है। भाजपा बिना खर्ची पर्ची के 2 लाख युवाओं को नौकरी देगी और आईएमटी खरखौदा की तर्ज पर 10 औद्योगिक शहरों का निर्माण करेगी और 5 लाख युवाओं के लिए अन्य रोजगार के अवसर एवं नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन योजना से मासिक स्टाइपेंड देगी। चिरायु-आयुष्मान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 10 लाख तक का मुफ्त इलाज एवं परिवार के 70 वर्ष से अधिक प्रत्येक बुजुर्ग को अलग से 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा देगी। किसानों को 24 फसलों की घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद करेगी। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 लाख आवास मुहैया करवाएगी। सरकारी अस्पतालों में डायलिसिस तथा सभी अस्पतालों में डायग्नोसिस मुफ्त सुविधा होगी। हर जिले में ओलंपिक खेलों की नर्सरी स्थापित की जाएगी। अव्वल बालिका योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में कॉलेज जाने वाली प्रत्येक छात्रा को स्कूटर, हर हरियाणवी अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी देगी। भारत सरकार के सहयोग से केएमपी के ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर का निर्माण एवं नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत और भारत सरकार के सहयोग से विभिन्न रैपिड रेल सेवाओं एवं फरीदाबाद से गुरुग्राम के बीच इंटरसिटी एक्सप्रेस मेट्रो सेवा की शुरूआत करेगी। छोटी पिछड़े समाज की जातियों (36 बिरादरियों) के लिए पर्याप्त बजट के साथ अलग-अलग कल्याण बोर्ड बनाने, डीए और पेंशनों को जोड़ने वाले साईंटिफिक फॉर्मूले के आधार पर सभी सामाजिक मासिक पेंशनों में वृद्धि करने, भारत के किसी भी सरकारी कॉलेज से मेडिकल और इंजीनियरिंग पढ़ने वाले ओबीसी एवं एससी जातियों के हरियाणा के विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति देगी। सभी ओबीसी वर्ग के उद्यमियों को, मुद्रा योजना के अतिरिक्त, 25 लाख रुपये तक के ऋण की गारंटी हरियाणा राज्य सरकार उठाएगी। हरियाणा को वैश्विक शिक्षा का केंद्र बनाकर आधुनिक स्किल का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। दक्षिण हरियाणा में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का अरावली जंगल सफारी पार्क विकसित करेगी जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

# भारतीय जनता पार्टी में मिलेगा सभी को सम्मान : विपुल गोयल

## जननायक जनता पार्टी के दर्जनभर कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विपुल गोयल को लगातार मजबूती मिल रही है। आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी के बाद आज जननायक जनता पार्टी के दर्जन पर कार्यकर्ताओं ने विपुल गोयल के नेतृत्व में भाजपा का दामन थामा। इस मौके पर विपुल गोयल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में सभी का मान सम्मान है। आज बीजेपी देश की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में काम कर रही है। जिसमें पन्ना प्रमुख से लेकर बूथ लेवल और राष्ट्रीय स्तर तक संगठन काम कर रहा है। बीजेपी के सक्रिय कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत है। विपुल ने कहा कि 2014 के कार्यकाल में भी आप लोगों के भरोसे पर खरा उतरा था और अब फिर एक बार भारतीय जनता पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताया है। मुझे विश्वास है फिर एक बार आपके भरोसे पर खरा उतरूंगा।

विपुल ने कहा कि मैं आपसे वादा करता हूं विकास की गति को धीमा नही पड़ने दूंगा, बल्कि पहले से भी तेज गति से फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य होंगे। विपुल गोयल ने कहा कांग्रेस के पास न कोई विजन है न कोई योजना। अभी तक अपने मुख्यमंत्री का चेहरा तय नहीं कर पाई है, वो क्या चुनाव लड़ेगी। इस मौके पर जेजेपी छोड़ भाजपा में शामिल हुए हनुमान खींची एवं उनके साथियों ने विपुल गोयल में आस्था जताते हुए कहा कि विपुल गोयल का सेवा के क्षेत्र में कोई सानी नहीं है। पहले भी उन्होंने जमकर कार्य किए थे और इस बार भी फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य करने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। विपुल से ही क्षेत्र के लोगों को उम्मीदें है और हमारा भरोसा है विपुल लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। उनके साथ जेजीपी नेता सतीश कुमार, हरी प्रकाश, अमरपाल, धीरज सागर, अशोक कुमार, किशनपाल, नकुल सिंह, दरयाब सिंह एवं योगेश कुमार ने बीजेपी ज्वाइन की।

# भाजपा ने महंगाई और भ्रष्टाचार से दिलाई लोगों को राहत : अमन गोयल

## भयमुक्त प्रशासन और समृद्ध समाज के लिए विपुल ही विकल्प : अमन गोयल



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विपुल गोयल के भतीजे अमन गोयल शुक्रवार को भारत कॉलोनी, हनुमान नगर पहुंचे और विपुल गोयल के समर्थन में वोट देने की अपील की। उपस्थित लोगों ने अमन गोयल का बुके देकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। अमन गोयल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र को भयमुक्त एवं समृद्ध बनाना है तो विपुल ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने कहा किसी भी प्रकार के बहकावे में आने की जरूरत नहीं है, प्रदेश में तीसरी बार फिर से भाजपा सरकार आ रही है। विपुल गोयल को आपने पहले भी देखा है, अगर आप उनके काम से संतुष्ट है तो उन्हें पुनः मौका अवश्य दें। विपुल ऐसे व्यक्ति हैं जिन्होंने अपनी जेब से पैसे देकर लोगों का भला करने का काम किया है। अमन ने कहा भारतीय जनता पार्टी पारदर्शिता के साथ काम करने वाली पार्टी है। हमने बिना पर्ची-बिना खर्ची नौकरी देने का काम किया। कांग्रेस सरकार में लोग नौकरियों के नेताओं के चक्कर काटते थे, लेकिन भाजपा ने योग्यता के आधार पर लोगों को नौकरी देने का काम किया है। इसलिए न केवल वोट बल्कि अपना सपोर्ट भी दें और प्रत्येक व्यक्ति विपुल गोयल बनकर चुनाव लड़े। उपस्थित लोगों ने अमन गोयल को भरोसा दिलाया कि विपुल उनके लोकप्रिय नेता है और वो उनको जिताकर विधानसभा में भेजने का काम करेंगे।

# पूर्व पार्षद व कांग्रेसियों ने एकजुट होकर संभाली लखन सिंगला के चुनाव की कमान

## बोले, घर-घर दस्तक देकर मांगेंगे सिंगला के समर्थन में वोट



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला के चुनाव अभियान के दौरान आज ओल्ड फरीदाबाद स्थित कांग्रेस कार्यालय पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व पार्षद जगन डागर, राजेश आर्य गाबा, पूर्व पार्षद रोहित सिंगला, पूर्व पार्षद अनिल शर्मा, पूर्व पार्षद सुंदर माहौर, गोविंद कौशिक, योगेश तंवर ने लखना सिंगला का समर्थन करते हुए उन्हें विजयी बनाने का आह्वान किया। सभी कांग्रेसियों ने एक स्वर में कहा कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनाने और भूपेंद्र सिंह हुड्डा को मुख्यमंत्री बनाने के लिए वह फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से लखन सिंगला को भारी मतों से विजयी बनाकर भेजेंगे।

इस मौके पर कांग्रेसी नेता जगन डागर, राजेश आर्य गाबा, रोहित सिंगला, अनिल शर्मा सहित सभी कांग्रेसी नेताओं ने संयुक्त रुप से कहा कि कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता घर-घर दस्तक देगा और भाजपा के दस साल के कुशासन की पोल खोलते हुए लखन सिंगला के समर्थन में वोट मांगेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस परिवार पूरी तरह से एकजुट है और हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार बनाने के लिए कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ेगा। कांग्रेसियों द्वारा दिए गए समर्थन से उत्साहित कांग्रेस प्रत्याशी लखन सिंगला ने कहा कि आज उनकी ताकत दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है, अब उन्हें विश्वास हो गया है कि फरीदाबाद के विकास की इस लड़ाई में जनता जनार्दन कांग्रेस का साथ देगी और झूठे वायदे करने वाली भाजपा को वोट की चोट से सत्ताविहिन करेगी। श्री सिंगला ने कहा कि हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनने वाली है और अगर जनता चाहती है कि इस सरकार में फरीदाबाद की भी भागेदारी हो। उन्होंने उपस्थितजनों से आह्वान किया कि वह स्वयं को लखन सिंगला मानकर इस चुनावी रण में उतर जाएं और यहां से एक बड़ी जीत कांग्रेस की झोली में डालने का काम करें। इस अवसर पर आरडी वर्मा, शशांक गुप्ता, अमित लूथरा, महेंद्र गुप्ता सहित अनेकों कांग्रेसी मौजूद थे।

# पांच सालों तक जनता की सुध नहीं लेने वाले भाजपा प्रत्याशी कर रहे है विकास की बातें : ललित नागर

## पंचायती उम्मीदवार बोले, भाजपा प्रत्याशी पहले दे अपने विकास कार्यो का हिसाब, फिर मांगे वोट



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक एवं पंचायती उम्मीदवार ललित नागर अपने चुनावी अभियान के तहत विजय नगर, टिकावली, शेरपुर, ढाढर, शेरपुर कालोनी, किड़ावली, लालपुर में चुनावी सभाओं को संबोधित कर लोगों से अपने पक्ष में वोट मांगे। इस दौरान जगह-जगह ललित नागर का लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाकर विधानसभा भेजने का भरोसा दिलाया। सभाओं में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए ललित नागर ने कहा कि चुनावी माहौल चल रहा है, आपके पास बहुत लोग आएंगे, लेकिन आपको चयन करना है कि कौन जनप्रतिनिधि आपके सुख-सुख में शामिल होगा और आपके क्षेत्र की समस्याओं को दूर करवाएगा। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जनता ने पिछली बार उन्हें तिगांव से यह सोचकर जिताया था कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार हैए इसलिए वह क्षेत्र का समुचित विकास करेंगे, लेकिन विकास करवाना तो दूर वह पांच सालों तक लोगों के बीच में भी नहीं आए। क्या जनता ने उन्हें वोट देकर गलती कर दी, जो वह पांच सालों तक उनकी सुध तक लेने नहीं आए। आज जनता उनसे पांच सालों का हिसाब मांगती है, वह बताएं पांच सालों में उन्होंने कितने और कहां-कहां विकास करवाया है। तिगांव क्षेत्र की कालोनियां हो या ग्रामीण इलाके सब जगह समस्याएं ही समस्याएं बनी हुई है, उन्होंने क्या यही विकास किया है, किस मुंह से वह लोगों से वोट मांग रहे है, पहले अपने कार्यकाल का हिसाब दे, फिर वोट मांगे। सभाओं में लोगों से भावानात्मक जुड़ते हुए ललित नागर ने कहा कि तिगांव क्षेत्र की छत्तीस बिरादरी ने उन्हें पंचायती उम्मीदवार चुना है, यह चुनाव जनता की उम्मीदों का चुनाव है क्योंकि जो संघर्ष और जो दुर्दशा आपने हमने क्षेत्र की देखी है, उसे सुधारने का हमारे पास एक सुअवसर आया है, इसे हाथ से न जाने दे और आगामी पांच अक्टूबर को अपने इस बेटे को वोट रुपी आशीर्वाद देकर जिता दो।

# भाजपा राज में किसान-कमेरे सहित हर वर्ग रहा त्रस्त: रोहित नागर

## तिगांव क्षेत्र गांव व कॉलोनियों में कांग्रेस प्रत्याशी का हुआ जोरदार स्वागत



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रोहित नागर ने कहा कि आज किसान, कमेरे, महिला, कर्मचारी हर सहित वर्ग अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है। भाजपा की गरीब विरोधी नीतियों के चलते जहां बेराजगारी बढ़ रही है वहीं घपले-घोटालों का राज चल रहा है। सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं है और पोर्टल व फैमिली आईडी के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है। वहीं विकास के नाम पर कुछ दिखाई नहीं देता और विकास के नाम पर सिर्फ घोटाले ही हो रहे है। जहां सडकों का बुरा हाल है वहीं सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद जिले में जितनी भी विकास योजनाएं दिख रही है वह सब कांग्रेस सरकार की ही देन है। उन्होंने लोगों को आश्वास्त किया कि कांग्रेस सरकार बनते ही तिगांव क्षेत्र में समानता से विकास और रोजगार की रफ्तार बढाई जाएगी। रोहित नागर आज अपने चुनावी प्रचार अभियान के तहत तिगांव क्षेत्र गांव व कॉलोनियों में आयोजित विशाल सभाओं को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने डोर-टू-डोर अभियान चलाकर लोगों से आशीर्वाद दिया। वहीं सभाओं में हजारों लोगों की उपस्थिति में कांग्रेस प्रत्याशी रोहित नागर को जहां पगडी बांधकर सम्मानित किया गया वहीं उन्हें फूलों की एक बडी माला पहनाकर अपने समर्थन और सहयोग का भी आश्वासन दिया।

भारी भीड से उत्साहित हो लोगों की हौंसलाअफजाही करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी रोहित नागर ने कहा कि लोगों के जोश से आज कांग्रेस का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है जिससे विपक्षी निराश व हताश हैं। भाजपा के जुमले इस चुनाव में नहीं चल रहे हैं। जनता इनके जुमलों को अच्छी तरह जान चुकी है और जनता बदलाव का मन बना चुकी है। उन्होंने नागरिकों से कांग्रेस के पक्ष में भारी संख्या में मतदान करने की अपील करते हुए तिगांव क्षेत्र विकास के पथ पर ले जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में तिगांव क्षेत्र को दिशाहीन किया है। जुमलेबाजी की इस सरकार ने जनता को लूटने का काम किया है। ऐसे में अब वक्त आ गया कि इन जुमलेबाज भाजपाईयों को अपनी वोट की ताकत से अपनी शक्ति का परिचय कराकर कांग्रेस के पक्ष में भारी संख्या में मतदान कर तिगांव क्षेत्र की हरियाणा में अलग पहचान कायम करें। उन्होंने दावा किया कि जिस तरह से लोगों का आशीर्वाद उनके प्रति बढ़ता जा रहा है उससे साफ है कि इस बार तिगांव क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की बडी जीत होगी।

## संपादकीय

# कश्मीर में नई शुरुआत

जम्मू-कश्मीर के सात जिलों की 24 विधानसभा सीटों पर बुधवार को हुई पहले चरण की वोटिंग को आधार बनाया जाए तो ये चुनाव कई मायनों में ऐतिहासिक कहे जा सकते हैं। शांति, सुव्यवस्था और लोगों की भागीदारी की दृष्टि से ये चुनाव उन तमाम नैरेटिव के लिए पूर्णविराम साबित हो सकते हैं जो बाहरी शक्तियां कश्मीर को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चलाती रहती हैं।



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

**370 और राज्य का दर्जा :** जम्मू-कश्मीर में पिछले एक दशक में यह पहला विधानसभा चुनाव है। ये दस साल जम्मू-कश्मीर के लिए इस मायने में भी खास रहे कि इस दौरान न केवल संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत उसे हासिल विशेष दर्जा समाप्त कर दिया गया बल्कि वह राज्य से केंद्रशासित क्षेत्र में तब्दील हो गया। स्वाभाविक रूप से इन बड़े कदमों को लेकर वहां के लोगों की राय बंटी हुई है और कुछ हलकों में इसे लेकर गहरा असंतोष भी है।

**लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति :** ध्यान देने वाली बात यह है कि इस असंतोष ने भी लोगों को चुनाव प्रक्रिया से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई है। इन चुनावों में अनुच्छेद 370 की वापसी और राज्य का दर्जा प्रमुख मुद्दों के रूप में सामने आए हैं। रोजगार एक और बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है। लेकिन लोगों की इन भावनाओं को देश के अन्य हिस्सों में मतदाताओं की आकांक्षाओं और उनके असंतोष से अलग नहीं कहा जा सकता।

**लंबी कतारें :** पिछले तीन-चार दशकों के अनुभव की रोशनी में देखें तो यह बड़ा महत्वपूर्ण फर्क है। चुनावों के बहिष्कार की अपीलों, धमकियों और चेतावनियों के बीच लोगों के ऐसे ही असंतोष अलगाववाद और उग्रवाद के समर्थन में इस्तेमाल कर लिए जाते थे। इस बार मतदाताओं की लंबी कतारों ने ऐसी गुंजाइश नहीं रहने दी। इसी साल हुए लोकसभा चुनाव के वोटिंग आंकड़ों का पीछे छूटना बेहद अहम है। लोकसभा चुनावों में 58.46 फीसदी वोटिंग हुई थी जो पिछले 35 साल का रेकॉर्ड था।

**कोई हिंसा नहीं :** सबसे बड़ी बात यह कि ये चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण रहे। इसका श्रेय सुरक्षा बलों और प्रशासनिक तंत्र को देना पड़ेगा। जहां तक बात आतंकवाद के आकाओं की है तो उनकी तरफ से तो इन चुनावों को बाधित करने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी गई थी। चुनाव की घोषणा होने के बाद न केवल सीमा पार से घुसपैठ की कोशिशें बढ़ीं बल्कि आतंकी हमलों के भी काफी प्रयास हुए। मगर आतंकी तत्व आम लोगों की सोच को बदलने में कामयाब नहीं हो सके। यह चुनाव जम्मू-कश्मीर की आतंकवाद से मुक्ति का निर्णायक बिंदु साबित हो तो आश्चर्य नहीं।

# भाजपा सरकार हर महिला को देगी 2100 रुपए हर महीने : राजेश नागर

## भाजपा विधायक प्रत्याशी राजेश नागर बोले, हार के डर से विपक्ष झूठ फैला रहा है

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** तिगांव से भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर ने तूफानी दौरा किया। उनका अनेक जगहों पर जोरदार स्वागत हुआ और लोगों ने पूर्ण सहयोग की बात कही। इस अवसर पर राजेश नागर ने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बन रही है लेकिन विपक्ष इससे डर कर झूठ फैलाने की कोशिश कर रहा है।



विपक्ष आईटी सेल के जरिए चुनाव लड़ रहा है क्योंकि विपक्ष के पास कार्यकर्ता ही नहीं हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है जिसका कार्यकर्ता देश पहले की नीति पर काम करता है और सत्ता में आने के बाद अंत्योदय के मंत्र को अपने जीवन में प्रथम स्थान देता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने घोषणा की है कि तीसरी बार हरियाणा में सरकार बनने पर हर महिला को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत हर महीने 2100 रुपए की राशि देगी। हम महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना चाहते हैं। इस दिशा में यह क्रांतिकारी कदम होगा। नागर ने कहा कि विपक्ष अग्नि वीरों के नाम पर झूठ परोस रहा है जो कि पूरी तरह उनका भंडाफोड़ हो चुका है। नागर ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने पर हम हरियाणा के हर अग्निवीर को पक्की सरकारी नौकरी देने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने अपने राज्यों में जो जो वादे कर सत्ता प्राप्त की है, वहां उन्होंने वादे पूरे नहीं किए और हरियाणा में लोगों को झूठ परोस रहे हैं। लेकिन झूठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है।

नागर ने कहा कि भाजपा ही अपने वादों को पूरी तरह से लागू करने के लिए जानी जाती है। हमने राम मंदिर से लेकर धारा 370 तक और अंत्योदय यानी अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक शासन को पहुंचाने के अपने वादे को पूरा किया है। इस दिशा में अभी और काम होना बाकी है। जिसके लिए आप तीसरी बार डबल इंजन की सरकार हरियाणा को दें। नागर ने कहा कि अभी 3 महीने पहले ही आपने हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपी है। उसी प्रकार आप हरियाणा में हमारे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को तीसरी बार सरकार की बागडोर सौंपे जिससे कि प्रदेश का विकास तेज गति से आगे बढ़ सके। नागर ने कहा कि आप जितनी बड़ी जीत मुझे देंगे आपकी सत्ता में उतनी बड़ी भागीदारी प्राप्त होगी। आज राजेश नागर ने वेदराम कॉलोनी, सेहतपुर, शीशराम अवाना कार्यालय, दीपावली एनक्लेव, गांव ददसिया, किडावली, गांव लालपुर, महावतपुर, गांव भुपानी, अगवानपुर, सेक्टर 75 बीपीटीपी रिजॉर्ट, सराय ख्वाजा हैमिल्टन टाउन हाउस आदि जगहों पर जनसंपर्क किया। इस अवसर पर धर्मे सरपंच, जिला पार्षद संदीप भाटी, जिला पार्षद जगत सिंह एडवोकेट, गांव लालपुर सरपंच ललित चौहान, मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा, दयानंद नागर, तिगांव सरपंच वेद अधाना, कबूलपुर सरपंच रतन एडवोकेट, बादशाहपुर सरपंच वैभव, प्रहलाद शर्मा, भुपानी सरपंच संजय भाटी, धन सिंह नंबरदार, किडावली सरपंच केहर, रवि चौहान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# फागना की प्रचार की आंधी से विपक्षी उम्मीदवारों के उड़े होश

**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** एनआईटी भाजपा प्रत्याशी सतीश फागना के प्रचार की आंधी इतनी तेज चल रही है कि विपक्षी पार्टी के उम्मीदवारों के होश उड़ गए हैं। ऐसा इसलिए की सतीश फागना एनआईटी के सबसे चहते उम्मीदवार होने के साथ साथ लोगों के दिलों पर राज करने वाले नेता हैं। आज सतीश फागना ने अपने हजारों समर्थकों के साथ एनआईटी विधानसभा के क्षेत्रों डोर टू डोर प्रचार व जनसभाओं में भाग लिया। सतीश फागना ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सबका साथ,सबका विकास और सबका

**सतीश फागना ने अपने हजारों समर्थकों के साथ जनसभाओं में भाग लिया।**

विश्वास की नीति से काम करती है जबकि कांग्रेस सिर्फ झूठ की राजनीति करती हैं। हिमाचल,कर्नाटक और तेलगांना की जनता कांग्रेस को कोस रही है क्योंकि कांग्रेस ने वहां की जनता से झूरठ बोलकर,धोखा देकर और भ्रमित कर सत्ता हथियायी। हरियाणा की जनता जान चुकी है झूठी है कांग्रेस की गारंटी। सतीश फागना ने



कहा कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने हाल ही में पूर्ण हुए लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनकर अपने इरादे जाहिर किए हैं। वहीं अब वह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पुन: प्रदेश का नेतृत्व देने जा रही है। श्री फागना ने कहा कि वह जनता से मिल रहे प्रेम को कभी भी भूल नहीं सकेंगे। मैं हमेशा अपने क्षेत्र की जनता के काम एवं सम्मान के लिए खड़ा रहा हूं और आगे भी आपको कोई शिकायत नहीं आने दूंगा। आप पांच अक्टूबर को भाजपा के कमल निशान का बटन दबाएं और आठ अक्टूबर को भाजपा की सरकार बनाएं।

# भ्रष्टाचार में डूबे जनसेवक कभी नहीं कर सकते पृथला क्षेत्र का भला : पं. टेकचंद शर्मा

## भाजपा प्रत्याशी बोले, पांच सालों में किए विकास कार्यो का हिसाब दे जनसेवक

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा ने कहा है कि उन्होंने हमेशा साफ स्वच्छ राजनीति की है और अपने तीस सालों के राजनीतिक जीवन में उन पर कभी कोई भ्रष्टाचार का दाग नहीं लगा। यहां तक कि पांच सालों तक विधायक रहते हुए उन्होंने क्षेत्र के विकास को ही प्राथमिकता दी और रिकार्ड स्तर पर विकास कार्य करवाएं, जबकि पिछले पांच सालों में स्वयं को जनसेवक कहने वाले ने क्षेत्र का नहीं बल्कि अपना विकास किया है, वहीं पूर्व विधायक जो लोगों को नौकरी देने का वायदा करते है, उन्होंने जनता का हक मारकर अपने बेटों की बहुओं को नौकरी दिलवाने का काम किया इसलिए अब समय आ गया है जब ऐसे झूठे लोगों को वोट की चोट से जवाब दे। शर्मा अपने चुनावी अभियान के तहत बढगांव, नाई नंगला, आजाद नगर, प्याउ नंगला, भगवान नगर, कटेसरा, डाढौता, अमरपुर, जल्हाका आदि में जनसंपर्क करके चुनावी सभाओं को



संबोधित कर रहे थे। इस दौरान जगह-जगह भाजपा प्रत्याशी टेकचंद शर्मा का लोगों फूल मालाओं एवं सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर स्वागत किया और उन्हें भारी बहुमत से जिताकर विधानसभा भेजने का विश्वास दिलाया। टेकचंद शर्मा ने कहा कि जब वर्ष 2014 में विधायक बने तो हरियाणा में भाजपा के 47 विधायक जीते और बहुमत की सरकार बनी, तब उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समक्ष सिर्फ एक ही बात रखी, जिस प्रकार भाजपा विधायक के क्षेत्र में विकास हो, बस उसी तरह मेरे भी क्षेत्र में विकास होना चाहिए और मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से उन्होंने क्षेत्र में रिकार्ड 2500 करोड़ के विकास कार्य करवाए, जो आज तक किसी ने नहीं करवाए। दुधौला में स्किल डेवपलमेंट यूनिवर्सिटी बनवाई, अनेकों कालेज बनवाए, स्कूलों का अपग्रेड किया और रेनीवेल योजना लाए सहित अनेकों ऐसे कार्य है, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिली। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता डा. बलदेव अलावलपुर, भाजपा के वरिष्ठ एवं जिला स्तरीय व टीम टेकचंद शर्मा के वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे।

# ब्राह्मण, गऊ व गरीब की सेवा कर पृथला में विकास ही पहली प्राथमिक्ता : रघुबीर तेवतिया

## पृथला क्षेत्र के ब्राह्मण बाहुल्य गांव बघौला में कांग्रेस प्रत्याशी का हुआ जोरदार स्वागत

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया ने शुक्रवार के दिन के चुनावी अभियान की शुरूआत ब्राह्मण बाहुल्य गांव बघौला से की जहां आसपास के ब्राह्मण बाहुल्य गावों देवली, मांदकौल, आल्हापुर आदि आधा दर्जन से आए सैकडों की संख्या में ब्राह्मणों ने एकत्र होकर उनका स्वागत व सम्मान कर पगडी बांधकर अपने समर्थन का ऐलान कर विजयश्री का आशीर्वाद भी दिया। इसके उपरांत उन्होंने मीरापुर, फतेहपुर बिल्लौच, लढ़ौली, भटपुरा, शाहपुर कलां व डीग में आयोजित सभाओं को संबोधित कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।



सभाओं में उमडे जनसैलाब से गदगद कांग्रेस के विधानसभा प्रत्याशी रघुबीर तेवतिया ने कहा कि ब्राह्मण, गऊ व गरीब की सेवा ही सदां उनकी दिनचर्या में शामिल रहा है। उन्होंने लोगों को वचन दिया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर आम गरीबों के हित में कार्य किया जाएगा वहीं जीरो टोलरेंश की नीति अपनाते हुए हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पृथला विधानसभा क्षेत्र में पहले भी कांग्रेस की ही सरकार ने विकास व रोजगार के मामले में ऊंचा उठाया था अब फिर से कांग्रेस ही उसी पुरानी पहचान को कायम करेगी। क्योंकि भाजपा ने दस साल के शासनकाल में सिवाय झूठ-लूट व भ्रष्टाचार के अलावा कुछ नहीं दिया है और आज पृथला क्षेत्र अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। बढ़ती बेरोजगारी ने युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना दिया है। क्योंकि आज युवाओं के समक्ष रोजगार सबसे बडी समस्या है क्योंकि रोजगार से ही परिवार का पालन पोषण होगा। उन्होंने लोगों से भावनात्मक अपील की कि अगर अपने बच्चों का भविष्य और इस पृथला को विकास की पटरी पर देखना चाहते हैं तो वह कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें क्योंकि आपने पिछले दस साल में भाजपा की गारंटी तो देख ली, न युवाओं को रोजगार मिला और न ही 15 लाख खाते में आए ऊपर से मंहगाई ने लोगों को जीना दुष्वार कर दिया। इसलिए अब आने वाले मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान की हरियाणा के लोगों को दी गई 7 गारंटी कार्ड लोगों का दिल जीत लेगी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें जिससे कि आपके क्षेत्र को आपके सपनों का क्षेत्र बनाया जा सके।

# फ्रेश वाटर से भरी जाएगी बडखल झील: विजय प्रताप

## जन सभाओं में विजय प्रताप का हो रहा है स्वागत



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप ने एनआईटी 3 पार्क चिमनीबाई चौक, 3 नंबर मार्केट जी ब्लॉक, मेट्रो गार्डन, नेहरू कॉलोनी, 5 एन ब्लॉक, नेशन हट एनआईटी 5, होप जिम एनआईटी 5, सेक्टर-21 सी मार्केट, सैक्टर 21डी, सैक्टर-21ए, महतू डेरा लक्कड़पुर, सैक्टर-21बी में ताबड़तोड़ जनसभाओं को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि बडखल झील को भरने के नाम पर सरकार ने 200 करोड़ रुपए हजम कर लिए गए, बावजूद इसके सीवर के गंदे पानी से बडखल झील को भरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे पहाड़ों में बडखल झील से भी बड़ी-बड़ी झीलें बन चुकी है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर उन झीलों का पानी बडखल झील में लाया जाएगा। विजय प्रताप ने लोगों को भरोसा दिलाया कि आपने विधायक बनाकर भेजा तो 5 साल आपको शिकायत का मौका नहीं दूंगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में हम काफी पीछे चले गए हैं। आज से दस साल पहले नोएडा एवं गुडगांव से फरीदाबाद बेहतर था, लेकिन आज शहर के हालात बद से बदतर है।

विजय प्रताप ने कहा कि बड़े शर्म की बात है कि अंडरपास में हमारे जिले के दो जवान युवक डूबकर मर गए। हम ऐसे प्रबंध नहीं कर पाए कि लोगों को सुरक्षा प्रदान कर सकें। थोड़ी सी बारिश में पूरा शहर जाम हो जाता है, प्रशासन की एवं सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं है। विजय ने कहा कि 10 साल में भाजपा सरकार में बैठे लोगों ने अपनी जिम्मेदारी को नहीं समझा। आज शहर के जो हालात हैं, उसके लिए पूरी तरह से भारतीय जनता पार्टी जिम्मेदार है। चेहरा बदलकर आप लोगों को बेवकूफ नहीं बना सकते। आपकी सोच और आपके विजन में ही लोगों को सुविधाएं देने की प्लानिंग नहीं है। लेकिन लोगों का आशीर्वाद और स्नेह मिला तो बडखल विधानसभा की कायाकल्प कर दूंगा। चुनाव जीतने के बाद से जन समस्याओं से जुझ रही बडखल विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याओं को प्राथमिकताओं से हल किया जाएगा।

# इनेलो-बसपा प्रत्याशी नगेन्द्र भड़ाना बोले, मुझे जिताओ, विजन के तहत करूंगा क्षेत्र का समुचित विकास

## एनआईटी क्षेत्र की सीवर व्यवस्था को करेगें दुरूस्त : नगेन्द्र भड़ाना



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** एनआईटी 86 विधानसभा क्षेत्र से इनेलो-बसपा के प्रत्याशी नगेन्द्र भड़ाना ने शुक्रवार को जवाहर कालोनी, सारन स्कूल रोड, प्रेस कालोनी, सारन शिव मंदिर के पास, खंड बी पर्वतीया कालोनी आदि में जनसंपर्क किया और लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने फूल मालाओं एवं सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर उनका स्वागत किया और उन्हें विजयी बनाने का आशीर्वाद दिया।

सभाओं में लोगों को संबोधित करते हुए नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि पिछले पांच सालों के दौरान एनआईटी क्षेत्र विकास के मामले में काफी पिछड़ गया है, आज क्षेत्र की प्रत्येक कालोनी में सीवरेज बदहाल है, पीने के पानी की कमी है, सडकें टूटी पड़ी है, मामूली सी बरसात होने पर हालात बद से बदत्तर हो जाते है, वह क्षेत्र की प्रत्येक गली में घूमे है और वहां की समस्याओं से भली भांति परिचित है। उनकी चाहत है कि एक विजन के तहत एनआईटी क्षेत्र का विकास हो, लोगों को शुद्ध पीने का पानी, मिले, सीवरेज की समस्या से मुक्ति मिले, जलनिकासी की उचित व्यवस्था हो, सडकों का जीर्णोद्धार हो, बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिले, ऐसे अनेकों कार्य है, जो वह इस क्षेत्र के लिए करना चाहते है, यह तभी संभव हो पाएगा, जब आप लोग मुझे मत रुपी आशीर्वाद देकर विधानसभा में भेजेगो। आपके द्वारा दिया गया एक-एक मत मुझे मजबूत करेगा, साथ ही एनआईटी क्षेत्र के लिए विकास के द्वार खोलेगा।

# कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के काफिले पर फायरिंग, 2 समर्थकों को लगी गोली...

**पंचकूला ।** हरियाणा में विधानसभा चुनावों के दौरान अपराधियों का बोलबाला है। बीते एक सप्ताह के अंदर हरियाणा में दो गैंगवार की घटनाएं हो चुकी है। इसी बीच आज कालका से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के काफिले पर फायरिंग हुई है। जिसमें दो समर्थकों को गोली लगी है। जानकारी के मुताबिक कालका विधानसभा क्षेत्र में रायपुर रानी के पास भरौली गांव से प्रदीप चौधरी का काफिला गुजर रहा था। इस दौरान काफिले पर फायरिंग हुई है।

इस गोलीबारी में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी सुरक्षित है, हालांकि उनके 2 समर्थक को गोली लगी है। एक समर्थक की अंगुली में गोली लगी है। वहीं दूसरे को के सीने में गोली लगी है। जिसका नाम गोल्डी खेड़ी बताया जा रहा है। गोल्डी खेड़ी कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थक है। उसको 2 गोली लगी हैं। गंभीर हालत में उसे चंडीगढ़ पीजीआई इलाज के लिए रेफर किया गया है। सूचना के बाद मौके पर पुलिस पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं घटना के बाद प्रदीप चौधरी ने चुनाव प्रचार संबंधित सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। चौधरी चंडीगढ़ पीजीआई के लिए रवाना हो गए हैं।

वहीं अभी तक हमलावरों का पता नहीं चल पाया है और न ही किसी गैंग ने इसकी जिम्मेदारी ली है। बताया जा रहा हमलावर बाइक पर सवार हो कर आए थे। घायल समर्थक की पहचान गोल्डी खेड़ी के रूप में हुई है। वह कालका के खेड़ी गांव का रहने वाला है। उसके ऊपर रायपुर रानी थाने में आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। हाल ही में उसके पास से एक पिस्टल और कारतूस भी मिले थे।

सूत्रों के अनुसार गोल्डी पर गोली गैंगस्टर भुप्पी राणा गैंग के गुर्गों ने चलाई है। गोल्डी का पहले भुप्पी राणा गैंग से झगड़ा हुआ था।



## 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की बनाई जाएगी अपार आईडी

**कनीना सुनील दीक्षित**

शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार कक्षा पहली से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाई जाएगी। इसे राटीय शिक्षा नीति के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस बारे में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला की ओर से प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों परियोजना संयोजक को पत्र भेजकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं। विद्यार्थियों की ये आईडी यूडाइज प्लस के माध्यम से बनाई जाएगी। जिससे विद्यार्थियों शैक्षणिक प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करने में आसानी होगी। अपार आईडी के जरिए प्रत्येक छात्र की प्रत्येक कक्षा में प्राप्त किए गए अंक, प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक संस्थान की उपलब्धियां दिखाई देगीं। इसाका डीजी लॉकर के माध्यम से एकीकरण किया जाएगा। इस कार्य के जिला सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया है। अपार आई बनाने से पूर्व अभिभावकों से सहमति लेनी होगी। इस बारे में खंड शिक्षा अधिकारी डॉ विश्वेश्वर कौशिक ने बताया कि अपार आईडी बनाने के लिए विभाग से पत्र प्राप्त हुआ है। नई राटीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सभी विद्यार्थियों की आईडी बनायी जायेगी। जिसमें उनकी प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध होगी।

## एसडी विद्यालय की छात्रा अदिति दौड में बनी स्टेट चैम्पियन

**कनीना सुनील दीक्षित**



एथलेटिक्स फैडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा जींद जिले के पाण्डुपिडारा में आयोजित खेलो में एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला की छात्रा अदिति ने 60 मीटर दौड में गोल्ड मैडल हासिल किया है। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि अदिति आर्य ने गोल्ड मैडल जीतकर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दौड में वह और स्टेट चैम्पियन बन गई है। उसका चयन अब नैशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिसका आयोजन आगामी 7-8 अक्तूबर को नेहरु स्टेडियम, दिल्ली में होगा। जिसमें ये छात्रा एसडी विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी। उन्होंने बताया कि अदिति पढाई एवं खेल में सामंजस्य बना रही है। इस अवसर पर प्राचार्य ओमप्रकाश, सीईओ आरएस यादव, उपप्राचार्य पूर्ण सिंह, सीएओ नरेन्द्र कुमार, सुनील कुमार ,सोनू कोच सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## हैवान पड़ोसी बच्ची को अमरूद खिलाने के बहाने ले गया था जंगल, फिर दरिंदगी के बाद कर डाली हत्या...आरोपी काबू



यमुनानगर । यमुनानगर जिले के बूड़िया गांव से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बीते दिन 7 वर्षीय मासूम बच्ची एक अन्य बच्ची और अपने पड़ोस में रहने वाले युवक के साथ इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज में जाते हुए दिखाई दी। दोनों में से एक बच्ची कुछ समय बाद अपने घर पहुंच गई, लेकिन दूसरी बच्ची घर नहीं लौटी। परिजनों ने बच्ची को तलाश तेज कर दी। पुलिस भी जांच में जुट गई लेकिन बच्ची बच नहीं सकी। पड़ोस में ही रहने वाला हैवान मासूम का अपहरण कर उसे जंगल में ले गया और उसके साथ जबरदस्ती दरिंदगी की सभी हदें पार कर उसकी निर्मम हत्या कर डाली। बच्ची का शव बुरी हालत में जंगलों से बरामद हुआ है।

**सीसीटीवी फुटेज से हुई आरोपी की पहचान**

डीएसपी राजीव मिगलानी ने बताया कि थाना बूड़िया को जैसे ही सूचना मिली पुलिस तुरंत एक्शन में आ गई। पहली जानकारी में पता चला कि दो बच्चियां एक युवक के साथ गुरुद्वारे में आती-जाती देखी गई है, जिनमें से एक बच्ची तो कुछ समय बाद अपने घर लौट गई लेकिन दूसरी लापता है। पुलिस ने गुरुद्वारा के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिनमें आरोपी युवक दोनों बच्चियों के साथ दिखाई दिया। पुलिस ने बताया कि मासूम बच्ची के शरीर पर चोट के गंभीर निशान थे। उसकी आंखों पर चोट के गहरे घाव थे और शरीर से खून बह रहा था। बच्ची के साथ की गई दरिंदगी के भी अहम सुराग मौके से बरामद हुए है।

**पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को किया गिरफ्तार**

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जो दोनों बच्चियों के पड़ोस में रहने वाला युवक है। आरोपी दोनों बच्चियों को गुरुद्वारे में माथा टेकने और बाग से अमरूद खिलाने का झांसा देकर अपने साथ ले गया था। फिलहाल आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बहादुरगढ़ में शीला नफे सिंह राठी का चुनाव प्रचार तेज, लोगों का मिल रहा भरपूर समर्थन



बहादुरगढ़ । बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र से इंडियन नेशनल लोकदल और बहुजन समाज पार्टी की साझा उम्मीदवार शीला नफे सिंह राठी के प्रचार की कमान उनके बेटों और बहुओं ने संभाल ली है। वे शहर की अलग-अलग कॉलोनियों और गांव में कई टीमें बनाकर प्रचार करने में जुटे हुए हैं। हर जगह उन्हें जनता का भारी समर्थन मिल रहा है। जनता भी स्वर्गीय नफे सिंह राठी और उनके परिवार को न्याय दिलाने के लिए शीला नफे सिंह राठी के साथ आ खड़ी हुई है। बिना बुलावे के ही हजारों लोग हर रोज शीला राठी के साथ जुड़ रहे हैं। डोर टू डोर प्रचार अभियान के दौरान नफे सिंह राठी के बेटों और शीला राठी को जीत का आशीर्वाद भी मिल रहा है। लोगों के समर्थन से उत्साहित स्वर्गीय नफे सिंह राठी के बेटे जितेंद्र राठी और भूपेंद्र राठी का कहना है कि जिस कार्यशैली से उनके पिता नफे सिंह राठी ने बहादुरगढ़ हल्के में विकास कार्य करवाए थे, उसी तरह से जब शीला नफे सिंह राठी बहादुरगढ़ की विधायक बनेगी तो यहां के विकास कार्य जोर-शोर से करवाए जाएंगे। उनका कहना है कि भाजपा और कांग्रेस राज में कानून व्यवस्था गड़बड़ाई है। इतना ही नहीं मूलभुत सुविधाएं भी लोगों को नहीं मिल रही। उन्होंने कहा कि व्यापारियों से फिरौती मांगी जा रही है, अपराध बढ़ रहा है। इन सब पर नकेल कसने की जरूरत है।

## कनीना सब डिवीजन में इस बार हुई 516 एमएम बारिश

**कनीना सुनील दीक्षित**



कनीना क्षेत्र में एक जुलाई से लेकर अब तक 516 एमएम बारिश हो चुकी है। जिसे लेकर सर्दी की शुरूआत जल्दी हाने का अनुमान है वहीं रबि फसल की बेहतर पैदवार होने के कयास लगाए जा रहे हैं। सूखे समझे जाने वाले महेंद्रगढ जिले में बारिश की स्थिति अच्छी होने से खरीफ फसल में भले ही कुछ नुकसान की संभावना है लेकिन रबि फसल के बेहतर होने का अनुमान लगाया जा रहा है। खंड कृषि अधिकारी कार्यालय के डॉ विकास यादव ने बताया कि यहां पर जुलाई माह में 157 एमएम बारिश रिकार्ड की गई वहीं अगस्त माह में 221 एमएम तथा 18 सितम्बर तक 138 एमएम बारिश हुई है। कुल 516 एमएम बारिश होने के बाद बाजरे,गवार, कपास,मूंग की फसल में कुछ हद तक नुकसान होने का अंदेशा है। दूसरी ओर किसान हनुमान सिंह, सत्यवीर सिंह,विनोद कुमार, मोती कुमार, नरेंद्र सिंह, धर्मपाल इस बात को लेकर खुश हैं कि अधिक बारिश होने से रबि फसल की बिजाई करने के लिए पलेवा नहीं करना होगा ओर पहली सिंचाई तक कोई दिक्कत नहीं आएगी। नहरी पानी को उपलब्धता भी समुचित रही है। बारिश का मौसम लंबा खिंचने से तापमान में आई गिरावट से रबि फसल के बेहतर होने की उम्मीद है। क्षेत्र को न्यूनतम तापमान 23 डिग्री तथा अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है जिसे फसल के अनुकूल माना जा रहा है। खेत खाली होते ही किसान सरसों की बिजाई शुरू को आतुर हैं। 15 अक्टूबर तक सरसों की बिजाई होने का अनुमान है। जिसके लिए किसान अभी से डीएपी खाद का इंतजाम करने लगे हैं। इस बारे में एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि खाद की कोई कमी नहीं है। इफको किसान सेवा केंद्र के अलावा निजी विक्रेताओं के पास खाद का प्रचुर मात्रा में स्टॉक है। खाद के लिए किसान मारामारी न करें। इस बारे में आलोक खाद भंडार के संचालक आलोक गोयल ने बताया कि डीएपी,एनपीके तथा ग्रो प्लस एसएसपी खाद की समुचित मात्रा में प्रचुर मात्रा में उपलब्धता है। खाद को लेकर किसानों के सामने कोई दिक्कत नहीं रहने वाली। बाजरे की कटाई से निवृत हुए किसान खाद खरीदने लगे हैं।

## बीजेपी प्रत्याशी रणधीर पनिहार का विरोध, नलवा विधानसभा सीट के देवां गांव में ग्रामीणों ने घेरा



**हिसार ।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पार्टियों का प्रचार अभियान तेजी से जारी है। इस बीच प्रचार करने जा रहे प्रत्याशियों को विरोध का सामना करना पड़ रहा है। हिसार जिले की नलवा विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी प्रत्याशी रणधीर पनिहार का विरोध हो रहा है। गांव-गांव में विरोध से भाजपा प्रत्याशी असहज नजर आए। पहले रावलवास कलां और अब गांव देवा में ग्रामीणों ने प्रचार करने आए भाजपा प्रत्याशी रनधीर पनिहार को घेर लिया और सवाल जवाब किए। कई देर तक ग्रामीणों ने रणधीर पनिहार का पीछा नहीं छोड़ा।

बताया जा रहा है कि ग्रामीण किसान आंदोलन और किसानी से जुड़े मुद्दों पर सवाल जवाब करते नजर आए, वहीं भाजपा प्रत्याशी सवालों के जवाब देने से बचते नजर आए। दोनों ओर से बहस के बीच ग्रामीण युवाओं ने जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों को उग्र होता देख रणधीर पनिहार गांव से निकल गए। इससे पहले गांव रावलवास कलां में रणधीर पनिहार का विरोध हुआ था।बहस के दौरान जब ग्रामीण रणधीर पनिहार को घेरकर आगे बढ़ने लगे तो पनिहार ने भीड़ को अपने हाथ से धकेल कर दूर कर दिया। धक्का मुक्की तक की नौबत आ गई। ग्रामीणों ने इस पूरे घटनाक्रम की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी।

आपको बता दें कि रणधीर पनिहार इस बार भाजपा के टिकट से चुनाव लड़ रहे हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में रणधीर ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा, मगर भाजपा के रणबीर गंगवा से हार गए थे। इस बार रणबीर गंगवा को भाजपा ने बरवाला से उम्मीदवार बनाया है। वहीं कुलदीप बिश्नोई के कोटे से यह सीट उनके दोस्त रणधीर पनिहार को दी गई है। कुलदीप बिश्नोई लगातार इस सीट पर रणधीर पनिहार के लिए प्रचार कर रहे हैं।

## एसडीएम ने माउंट यूनम की ऊँचाई चढ़कर तिरंगा फहराने वाले प्रवीन्त की, की सरहाना

**सिवानी । सोनिका सूरा**




एसडीएम विरेन्द्र सिंह ने माउंट यूनमः 6111 मीटर की ऊँचाई चढ़कर तिरंगा फहराने पर सिवानी मार्केट कमेटी में कार्यरत सिवानी निवासी प्रवीन्त के साहसिक प्रयास की सरहाना करते हुए शुभकामनाएं दी। एसडीएम विरेन्द्र सिंह ने तैयारियों व चढ़ाई के दौरान आने वाली दिक्कतों के बारे में पूछने पर प्रवीन्त ने बताया कि मैंने 10 सितंबर को माउंट यूनम (6111 मीटर) की चढ़ाई के लिए अपने अभियान को शुरूआत की। 13 सितंबर को सुबह 10:30 बजे, मैंने इस चुनौतीपूर्ण पर्वत की चोटी पर पहुँचकर भारतीय तिरंगा फहराया। जैसे ही मैंने शिखर पर कदम रखा, तेज बर्फबारी शुरू हो गई, लेकिन यह मेरे दृढ़ संकल्प को नहीं डिगा सकी। इस अभियान का उद्देश्य केवल शिखर को छूना नहीं था, बल्कि वोटर जागरूकता और प्रकृति संरक्षण का संदेश देना था। शिखर से मैंने यह संदेश देने कि कोशिश कि हम सभी को अपने मतदान अधिकार का सदुपयोग करना चाहिए और पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूक होना चाहिए। शिखर पर पहुँचने से ठीक पहले मेरी पीठ में चोट लग गई थी, लेकिन मजबूत इच्छाशक्ति ने मुझे शिखर तक पहुँचने का हौसला दिया। शिखर पर तेज हवाओं और बर्फबारी ने चुनौती को और कठिन बना दिया, साथ ही ऑक्सीजन का स्तर भी काफी कम हो गया था। खराब मौसम के चलते मुझे 5100 मीटर की ऊँचाई पर ही शिविर लगाना पड़ा और अगले दिन बेस कैंप की ओर उतरना पड़ा। इससे पहले इसी साल अफ्रीका की सबसे ऊँची चोटी माउंट किलिमंजारो को सफलतापूर्वक फतह किया था। अब मेरा लक्ष्य अगले साल यूरोप की सबसे ऊँची चोटी माउंट एल्ब्रुस को चढ़ने का है।

## दिल्ली के एक्स सीएम के हरियाणा में प्रचार करने पर बोले विज, पहले केजरीवाल पंजाब से हरियाणा के हक का पानी दिलवाएं

चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने केजरीवाल के हरियाणा में प्रचार करने पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि 'केजरीवाल पंजाब से हरियाणा के हक का पानी दिलवाएं'। वहीं, उन्होंने भाजपा के मेनिफेस्टो पर कहा कि 'भाजपा जो कहती है वो करती है'। विज आज मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। हरियाणा के यमुनानगर में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज एक रैली को संबोधित करने जा रहे है जिसे लेकर हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने तंज कसते हुए कहा कि 'केजरीवाल जी क्या लोगो को सरकार देगें, सबसे पहले पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है तो वो सबसे पहले हमें हरियाणा का पानी दिलवाए और फिर वोट की बात करे'। वहीं, उन्होंने कहा कि 'आम आदमी पार्टी का दिल्ली में जन्म हुआ था और आप दिल्ली में लोकसभा की सारी सीटें हारी है और आप का दीपक अब बुझ चुका है तथा आम आदमी पार्टी हरियाणा में आकर क्या उजाला करेगी ?'। भूपिंदर हुड्डा ने अपने एक बयान में कहा था कि कांग्रेस के राज में युवा खिलाड़ी बने है तो भाजपा के राज में युवा नशेड़ी जिस पर गरजते हुए हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि 'ये तो चुनाव के जुमले है, वास्तविकता ये है कि इनके (कांग्रेस कार्यकाल) वक्त में एशियाई गेम्स हुई थी जिसमे खिलाड़ी मेडल लेकर आए थे और इन्होंने उनके इनाम तक नहीं दिए थे जिसके बाद लोगो ने इनकी सरकार फेंक दी थी'। विज ने बताया कि 'जब उनके टाइम में खेल हुए तो उन्होंने साक्षी मलिक को एयरपोर्ट पर जाकर चेक दिया था, ये भाजपा और कांग्रेस में अंतर है'। कांग्रेस ने अंबाला शहर विधानसभा से आजाद खड़े कांग्रेस प्रत्याशी को मना कर नामांकन वापिस करवा लिया था, लेकिन अंबाला छावनी विधानसभा से आजाद खड़ी कांग्रेस प्रत्याशी को नहीं मनाया गया जिस पर विज ने कहा कि 'कांग्रेस नाम की कोई पार्टी नहीं है हरियाणा में इसके 16 साल से कोई चुनाव नहीं हुए, ये तो अलग अलग धड़ों का समूह है, जिन्होंने सभी जगह से अपने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष साथी खड़े किए हुए है'।

## चंडीगढ़ में पहली बार राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप की मेजबानी

चंडीगढ़। चंडीगढ़ के खेल प्रेमियों के लिए यह गर्व का विषय है कि हॉकी इंडिया ने 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन चंडीगढ़ में किया है, जो 23 सितंबर से 03 अक्टूबर 2024 तक चलेगी। इस प्रतियोगिता में 28 राज्य टीमों के लगभग 650-700 खिलाड़ी और अधिकारी भाग लेंगे। हॉकी चंडीगढ़ के महासचिव अनिल वोहरा ने चंडीगढ़ प्रशासन और खेल विभाग से इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप की सफलता के लिए पूर्ण समर्थन और सहयोग की अपील की है, और उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो। हम नगर निगम के भी आभारी हैं, जिन्होंने स्वच्छता अभियान के नारे 'मन में रखो हॉकी का सपना, स्वच्छ बनाना है शहर अपना' के साथ हाथ मिलाया है। हम पंजाब के माननीय राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक के आभारी हैं, जिन्होंने 24 सितंबर 2024 को शाम 5 बजे हॉकी स्टेडियम, सेक्टर 42, चंडीगढ़ में इस आयोजन का उद्घाटन करने के हमारे अनुरोध को स्वीकार किया। उस दिन संजय टंडन मुख्य अतिथि होंगे। हम अपने प्रायोजकों, जैसे टाइनोर, चितकारा यूनिवर्सिटी, एक्सिस बैंक, एस.जी.जी.एस. हॉकी क्लब 26, प्रीतिका, विंडसर, कंधारी बेवरेजेज़, लाहोरी ज़ीरा, स्वराज महिंद्रा, बीबीआई (बॉडी बिल्डिंग ऑफ इंडिया), हुंडई करिज्मा, फेंटा स्पोर्ट्स का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सफल आयोजन में सहयोग दिया है। विशेष रूप से संजय टंडन का धन्यवाद, जिन्होंने समय-समय पर इस बड़े आयोजन की सफलता के लिए हमारा समर्थन किया। हर मैच के 'मैन ऑफद मैच' और चैंपियनशिप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (गोलकीपर, डिफेंडर, मिडफील्डर और फॉरवर्ड) को उपहारों के साथ सम्मानित किया जाएगा। विजेता, उपविजेता और तीसरे स्थान की टीम को भी स्मृति चिन्ह और उपहार प्रदान किए जाएंगे। हम सभी भाग लेने वाले खिलाड़ियों और अधिकारियों को सर्वश्रेष्ठ बोर्डिंग, लॉजिंग, परिवहन सुविधा और स्वस्थ भोजन प्रदान कर रहे हैं। हॉकी चंडीगढ़ के अध्यक्ष करण गिल्होत्रा, सीनियर उपाध्यक्ष डॉ. पी.जे. सिंह, प्रो. सुदेश गुप्ता, सतीन्द्र शर्मा, सर्वेश शर्मा, डॉ. जी.एस. गिल, राजिंदर गांधी, गुरमिंदर सिंह, सिमरदीप कौर, एस.के. गोस्वामी, अवतार सिंह, प्रदीप सिंह, विक्रमजीत सिंह, इरफान अहमद, बलजिंदर सिंह और अन्य कई वरिष्ठ सदस्य इस आयोजन की सफलता के लिए अपना कीमती समय दे रहे हैं।

# इंडोनेशिया में बंधक बनाए गए हरियाणा के युवक सकुशल पहुंचे परिजनों के पास, आरोपी एजेंट गिरफ्तार

**कैथल।** कैथल सीआईए-1 पुलिस द्वारा सेवा सुरक्षा सहयोग के नारे को चरितार्थ करते हुए इंडोनेशिया में बंधक बनाए युवकों को सकुशल रेस्क्यू करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया गया तथा आरोपी एजेंट को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि राजौंद थाना के तहत आने वाले एक गांव निवासी व्यक्ति की शिकायत अनुसार वह अपने बेटे को ऑस्ट्रेलिया भेजना चाहता था। साथ ही गांव का एक अन्य युवक भी विदेश जाना चाहता था, जिसके लिए उसने संडील निवासी संदीप से बातचीत की। संदीप व उसके अन्य साथी रमन, महेश और सोनू ने दोनों युवकों को विदेश भेजने के लिए 24-24 लाख रुपए मांगे। हालांकि युवकों के ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद रुपए देने की बात तय हुई थी। 5 सितम्बर को दोनों युवकों को मुंबई भेज दिया तथा 6 सितंबर को मुंबई से इंडोनेशिया भेज दिया। युवकों को वहां पहुंचाने के बाद आरोपी उनसे रुपए मांगने लगे और युवकों से बातचीत भी नहीं करवाई।

शिकायतकर्ता अनुसार आरोपियों ने दोनों युवकों को बंधक बनाकर रखा हुआ है और उन्हें छोड़ने के नाम पर पैसे मांग रहे है। वह 8 लाख रुपए दे चुके है। युवकों को न तो ऑस्ट्रेलिया भेजा है और न ही उन्हें वापस ला रहे हैं। उल्टा दोनों के परिवारों को युवकों की मौत का भय दिखाकर ब्लैकमेल कर रहे है। जिस बारे थाना राजौंद में मामला दर्ज किया गया था। प्रवक्ता ने बताया कि मामले की संज्ञीनता को देखते हुए एसपी राजेश कालिया ने सीआईए-1 पुलिस को जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने तथा युवकों को रेस्क्यू करवाने बारे आदेश दिए गए थे। जो सीआईए-1 इंचार्ज पीएसआई अमन कुमार की अगुवाई में एसआई प्रदीप कुमार, एएसआई कमलजीत सिंह, एएसआई जसमेर सिंह, एचसी राकेश की टीम द्वारा नियमानुसार कार्रवाई करते हुए इंडोनेशिया से उक्त युवकों को रेस्क्यू करवाया गया तथा दिल्ली एयरपोर्ट पर सकुशल रिसीव करके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। जांच दौरान सीआईए-1 पुलिस के एएसआई जसमेर सिंह की टीम द्वारा आरोपी एजेंट प्रताप नगर पटियाला पंजाब निवासी महेश इंद्र मान को पटियाला से काबू कर लिया गया। उक्त युवको को आरोपी महेश द्वारा ही विदेश भेजा गया था। आरोपी वीरवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा, जिससे पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।



# आईआईएफएल के शेयर में 9 फीसदी से ज्यादा की तेजी

**मुंबई।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन कारोबार पर लगी रोक हटा ली है। इस खबर का असर शुक्रवार को कंपनी के शेयर पर देखने को मिला। आईआईएफएल का शेयर सुबह 9 फीसदी से ज्यादा चढ़कर कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान शेयर 9.55 फीसदी या 47.35 रुपए चढ़कर 543.30 रुपए प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा था। बतां दें कि आरबीआई ने गुरुवार को आईआईएफएल फाइनेंस के गोल्ड लोन कारोबार पर लगी रोक हटा ली है। आरबीआई का यह निर्णय तुरंत प्रभाव से लागू होगा। बता दें कि 4 मार्च, 2024 को कंपनी पर प्रतिबंध लगाया गया था, जिसके तहत आईआईएफएल फाइनेंस को गोल्ड लोन देने और वितरित करने से रोक दिया गया था। अब छह महीने बाद कंपनी को इस प्रतिबंध से राहत मिली है। आईआईएफएल फाइनेंस ने स्टॉक एक्सचेंज को सूचित किया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने 19 सितंबर, को सूचना के माध्यम से गोल्ड लोन कारोबार पर लगाए गए प्रतिबंध को हटा दिया है। कंपनी ने यह भी कहा कि वह उच्चतम अनुपालन मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करेगी कि आवश्यक सुधारात्मक कदम जारी रहें। प्रतिबंध हटने की खबर के बावजूद आईआईएफएल फाइनेंस के शेयर गुरुवार को 5.75 फीसदी गिरकर 498 रुपए पर बंद हुए।

# एलएंडटी ने आईएफक्यूएम में 12.25 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की

**नई दिल्ली।**

इंजीनियरिंग व निर्माण क्षेत्र की कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट (आईएफक्यूएम) के 1,25,00,000 शेयर खरीदे हैं। यह कंपनी में 12.25 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। कंपनी के अनुसार यह अधिग्रहण उत्पाद व सेवा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के जरिये ब्रांड इंडिया को वैश्विक स्तर पर बढ़ाने की एलएंडटी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। एलएंडटी ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि कंपनी को इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट (आईएफक्यूएम) के 1,25,00,000 शेयर आवंटित किए गए हैं, जो आईएफक्यूएम में 12.25 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है।

कंपनी सूचना के अनुसार यह अधिग्रहण 12.5 करोड़ रुपये में किया गया। लार्सन एंड टुब्रो 27 अरब अमेरिकी डॉलर की भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी है। यह




इंजीनियरिंग, खरीद तथा निर्माण (ईपीसी) परियोजनाओं, उन्नत विनिर्माण व सेवाओं के कारोबार में है।

# देश में ईवी के लिए बनेंगे 74,300 चार्जिंग केंद्र

## ईवीपीसीएस पर अनुमानित 2 हजार करोड़ रुपये खर्च करने की योजना

**नई दिल्ली।**

केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) चार्जिंग स्टेशन बनाने और उसके संचालन के दिशा निर्देश में बदलाव कर संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं। सरकार की कवायद हाल ही में पेश की गई 10,900 करोड़ रुपये की पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हासमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना के बाद की गई है, जिसमें पूरे देश में चार्जिंग बुनियादी ढांचा बनाने पर ध्यान दिया गया है। इस योजना में इलेक्ट्रिक वाहन सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन (ईवीपीसीएस) की स्थापना को बढ़ावा देकर ईवी खरीदारों की चिंता को भी दूर करने का प्रयास किया गया है। ये ईवीपीसीएस वैसे शहरों और राजमार्गों पर लगाए जाएंगे जहां बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक वाहन हैं। कुल मिलाकर 74,300 चार्जर लगाए जाएंगे, जिसमें इलेक्ट्रिक कारों के लिए 22,100 फास्ट चार्जर, इलेक्ट्रिक बसों के लिए 1,800 फास्ट चार्जर और इलेक्ट्रिक दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों की चार्जिंग के लिए 48,400 फास्टर चार्जर शामिल हैं। ईवीपीसीएस पर अनुमानित 2 हजार करोड़ रुपये खर्च करने की योजना है। विद्युत मंत्रालय द्वारा 18 सितंबर को जारी किए गए दिशानिर्देशों का मकसद सरकार और निजी कंपनियों के बीच एक नए राजस्व साझाकरण मॉडल के जरिये सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन की स्थापना को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने का है। यह दिशानिर्देश ईवी चार्जिंग वाली जगहों की एक विस्तृत श्रृंखला लागू करने के लिए भी तय की गई है। इनमें निजी पार्किंग स्थल और कार्यालय भवन, शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल और ग्रुप आवासीय सोसायटी जैसे अर्ध प्रतिबंधित क्षेत्र शामिल हैं। सार्वजनिक स्थानों में वाणिज्यिक परिसर, रेलवे स्टेशन, पेट्रोल पंप, हवाई अड्डा, मेट्रो स्टेशन, शॉपिंग मॉल, नगरपालिका की पार्किंग, हाईवे, एक्सप्रेस वे जैसे स्थल शामिल किए गए हैं। विद्युत मंत्रालय ने पहली बार साल 2018 में 14 दिसंबर को ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे के मानक जारी किए थे। तब से अब तक ईवी क्षेत्र की तेजी से बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए उनमें पांच बार बदलाव किया जा चुका है।

# आईफोन 16 सीरीज की भारत में जोरदार ऑफर के साथ सेल शुरू



**नई दिल्ली।**

एप्पल आईफोन 16 और 16 प्रो सीरीज़ की बिक्री भारत में शुक्रवार 20 सितंबर से शुरू हो गई है। नए आईफोन 16 सीरीज़ मॉडल की प्री-ऑर्डर बुकिंग 13 सितंबर से भारत समेत कई अन्य देशों में शुरू हुई थी, और अब जो लोग इसे पहले से ऑर्डर कर चुके हैं, उन्हें शुक्रवार सुबह 8 बजे से अपने नए आईफोन मिलने शुरू हो गए हैं। एप्पल स्टोर के दरवाजे सुबह 8 बजे खोल दिए गए और इसके साथ ही ग्राहकों की आईफोन स्टोर पर भी लंबी लाइन देखने को मिली। आईफोन एप्पल बीकेसी स्टोर मुंबई या एप्पल साकेट स्टोर दिल्ली में मिल रहे हैं। इसके अलावा वे देशभर में मौजूद अधिकृत रीसेलर्स पर भी निर्भर कर सकते हैं या फिर ऑनलाइन डिलीवरी का इंतजार कर सकते हैं। एप्पल स्टोर खुलने से पहले ही सुबह-सुबह लोग स्टोर के बाहर दौड़ते हुए दिखे। आईफोन को लेकर ऐसा ही क्रेज पिछली बार भी देखा गया था जब आईफोन 15 लॉन्च हुआ था। अगर आपके पास कुछ चुनिंदा बैंक कार्ड्स हैं, तो आपको इन ऑफर्स के तहत अतिरिक्त कैशबैक का फायदा मिल सकता है। इसलिए, अगर आप एप्पल का नया प्रोडक्ट खरीदने की सोच रहे हैं, तो रजिस्टर पर भुगतान करने से पहले इन बैंक ऑफर्स को जरूर चेक करें। ये ऑफर्स आपको अच्छी बचत का मौका दे सकते हैं। कंपनी कुछ बैंक कार्ड्स पर 5000 रुपये तक का डिस्काउंट दे रही है।

यह डिस्काउंट स्पेशल लॉन्च ऑफर के तहत चुनिंदा बैंक कार्ड्स पर उपलब्ध है। अगर आप सही बैंक कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, तो आप इस ऑफर का फायदा उठाकर अपने पसंदीदा आईफोन 16 को कम कीमत में खरीद सकते हैं।

# सरकार ने पीएफ निकालने की सीमा 50 हजार से एक लाख की

## अब नए कर्मचारी भी धन निकालने के पात्र होंगे

**नई दिल्ली।**

भविष्य निधि (पीएफ) के खाताधारकों के लिए राहत भरी खबर है। दरअसल केंद्र सरकार ने पीएफ निकालने की लिमिट को बढ़ा दिया है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने घोषणा की है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के ग्राहक अब व्यक्तिगत जरूरतों के लिए एक बार में 1 लाख रुपए तक निकाल सकते हैं, जो पहले 50,000 रुपए की सीमा थी। श्रम मंत्रालय ने ईपीएफओ के कामकाज में कई बदलाव किए हैं। इनमें लचीलापन बढ़ाने, ग्राहकों के लिए असुविधाएं कम करने के लिए नया डिजिटल ढांचा और नए दिशानिर्देश शामिल हैं। इसके साथ ही अब नए कर्मचारी जिन्होंने अपनी वर्तमान नौकरी में केवल छह महीने पूरे किए हैं, वे भी धन निकालने के पात्र होंगे, जो कि पहले संभव नहीं था। मंत्री मंडाविया ने कहा कि लोग अक्सर शादी और चिकित्सा जैसी जरूरतों के लिए ईपीएफओ की बचत का इस्तेमाल करते हैं। हमने निकासी की सीमा को बढ़ाकर 1 लाख रुपए कर दिया है क्योंकि पहले की 50,000 की सीमा लोगों की जरूरतों के हिसाब




से कम पड़ रही थी। प्रोविडेंट फंड संगठित क्षेत्र के 10 मिलियन से अधिक कर्मचारियों को रिटायरमेंट के लिए आय प्रदान करता है। ईपीएफओ की बचत पर ब्याज दर, जो वित्त वर्ष 2024 के लिए 8.25 फीसदी तय की गई है, वेतनभोगी मध्यम वर्ग के लिए एक महत्वपूर्ण बेंचमार्क है। साथ ही 17 ऐसी कंपनियां हैं जिनके कर्मचारियों की संख्या 1 लाख से अधिक है और 1,000 करोड़ रुपए का फंड है। अब यदि वे अपने स्वयं के फंड के बजाय ईपीएफओ में स्विच करना चाहें, तो उन्हें इसकी अनुमति दी जाएगी।

## रुपया बढ़त के साथ बंद

**मुंबई।**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ ही 83.55 रुपये पर बंद हुआ। आज सुबह से शुरुआती कारोबार में रुपया नौ पैसे की बढ़त के साथ ही 83.56 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में मजबूती और अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने से यह तेजी आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कम कीमतों ने भी रुपये को समर्थन दिया, हालांकि विदेशी पूंजी की निकासी से स्थानीय मुद्रा पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 83.63 पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद ये 83.56 प्रति डॉलर पर पहुंच जो पिछले बंद भाव के मुकाबले नौ पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया गत दिवस अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.65 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 फीसदी नीचे आकर 100.24 पर रहा।




## रेपो रेट में फरवरी 2025 से पहले कटौती की उम्मीद नहीं: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार हाल ही में यूएस फेडरल रिजर्व की ओर से नीतगत ब्याज दरों में 50 आधार अंकों (बीपीएस) की कटौती के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) भी इसी तरह के कदम पर विचार कर सकता है, लेकिन इस साल ऐसा होने के आसार कम हैं। रिपोर्ट के अनुसार संभावित रूप से फरवरी 2025 तक दर में भारत का केंद्रीय बैंक कटौती की घोषणा कर सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति जिसे हम खुदरा महंगाई दर कहते हैं अगस्त 2024 में सालाना आधार पर 3.65 प्रतिशत के करीब पहुचते हुए पांच साल के निचले स्तर पर आ गई है। रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2024 में आरबीआई की ओर से किसी भी दर कटौती की उम्मीद कम है। अब तक के अनुमानों के अनुसार 2025 की शुरुआत में संभवत:फरवरी में दर कटौती का फैसला लिया जा सकता है। बीते बुधवार को भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सी. श्रीनिवासुलु शेट्टी ने भी साक्षात्कार में ऐसा ही अनुमान जताया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंकिंग क्षेत्र के लिए तरलता की चुनौतियां बनी रहेंगी क्योंकि सरकारी नकदी शेष धीरे-धीरे बैंकिंग प्रणाली से बाहर निकल रही है। सितंबर और अक्तूबर में मुद्रास्फीति में अपेक्षित उछाल के बावजूद, आने वाले महीनो मे सीपीआई मुद्रास्फीति के 5 प्रतिशत से नीचे या उसके करीब रहने का अनुमान है। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए औसत मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत से 4.7 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। इस तरह, यह आरबीआई के 4-6 प्रतिशत के लक्ष्य सीमा के भीतर रहेगी।

## फेड के ब्याज दर कटौती से भारत में विदेशी निवेश पर नहीं होगा असर: आर्थिक सचिव

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में 0.50 फीसदी की कटौती का भारत में विदेशी निवेश पर कोई असर नही पड़ेगा। आर्थिक मामलो के सचिव अजय सेठ ने कहा कि फेडरल रिजर्व ने दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा फैसला किया है। लेकिन आरबीआई भारतीय अर्थव्यवस्था को ध्यान मे रखकर कटौती का फैसला करेगा। अमेरिकी केंद्रीय बैंक का फैसला भारत सहित वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक है। हमें देखना होगा कि अमेरिकी ब्याज दरों का स्तर कहां है? अन्य बाजार कैसा व्यवहार करते हैं। फेडरल रिजर्व ने बुधवार देर रात चार साल बाद ब्याज दरों मे 0.50 फीसदी की कटौती की थी। सेठ ने कहा कि भारत में ब्याज दर में कटौती पर फैसला आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) उचित समय पर लेगी। एमपीसी का फैसला इस पर आधारित है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए क्या अच्छा है। एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक अगले महीने होनी है। फरवरी, 2023 से रेपो दर में बदलाव नहीं हुआ है और यह 6.5 फीसदी पर स्थिर है। भारत के एक आर्थिक सलाहकार ने कहा कि फेडरल रिजर्व के कदम का असर भारत पर कम होगा, क्योंकि नीतिगत दर पहले से ही बहुत ज्यादा थी। भारतीय शेयर बाजार पहले से ही निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। कुल मिलाकर दर में कटौती उभरते बाजारों के लिए सकारात्मक है।

# शेयर बाजार रिकार्ड तेजी के साथ बंद

- सेंसेक्स पहली बार 84 हजार के ऊपर पहुंचा
- निफ्टी भी 25 हजार के ऊपर पहुंचा

**मुम्बई।**

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को रिकार्ड तेजी पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही बैंक शेयरों में खरीददारी हावी रहने से आया है। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स पहली बार 84 हजार के ऊपर पहुंचा। वहीं एनएसई निफ्टी भी रिकॉर्ड 25,800 के स्तर पर पहुंचा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1359.51 अंक करीब 1.63 फीसदी बढ़कर 84,544.31 के शीर्ष स्तर पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 375.15 अंक तकरीबन 1.48 फीसदी बढ़कर 25,790.95 के नए स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में से 26 शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये। एमएंडएम, आईसीआईसीआई बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, एलएंडटी और भारती एयरटेल सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। वहीं नेस्ले इंडिया, अदाणी पोर्ट्स, एचयूएल, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, मारुति, पावर ग्रिड, कोटक बैंक, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, आईटीसी, एचसीएल टेक, रिलायंस, सन फार्मा, इंफोसिस, टाइटन, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक और एनटीपीसी के शेयर भी उछले। दूसरी ओर सेंसेक्स के 4 शेयर गिरावट पर बंद हुए। इसमें एसबीआई, इंडसइंड बैंक, टीसीएस और बजाज फाइनैंस के शेयर शामिल रहे। जानकारों के अनुसार अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दर में की गयी कटौती से एशियाई और दुनिया भर के बाजारों को जो सकारात्मक संकेत गया। उससे भारतीय बाजार को भी लाभ हुआ है। आज कारोबार के दौरान एशियाई बाजारों में निक्की 1.68 फीसदी बढ़ा जबकि एएसएक्स 200 0.05 फीसदी बढ़ा और हैंग




सेंग 0.88 फीसदी उछला।

वहीं अमेरिकी बाजार में, एसएंडपी 500 रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया जबकि डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल 1.26 फीसदी की बढ़त के साथ ही पहली बार 42,000 से ऊपर निकल गया। इसके अलावा नैस्डैक और एसएंडपी 500 में 2.51 फीसदी और 1.70 फीसदी की बढ़त रही। ब्याज दरों के प्रति संवेदनशील सेक्टर्स, जैसे बैंक, रियल एस्टेट और ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी व्यापार में तेजी देखी गई। निफ्टी बैंक इंडेक्स 0.98 फीसदी बढ़कर 53,559.35 के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी ऑटो इंडेक्स इंट्राडे ट्रेडिंग में 1.73 फीसदी की बढ़त के साथ दूसरे स्थान पर रहा। इससे पहले आज सुबह बाजार की मजबूत शुरुआत हुई। बाजार खुलते ही बीएसई सेंसेक्स 421 अंकों की बढ़त के साथ 0.51 फीसदी ऊपर आकर 83,606 पर कारोबार करता दिखा, जबकि निफ्टी 50 112 अंक की बढ़त के साथ 25,528 पर कारोबार करता नजर आया।

## फिजिक्सवाला ने वित्त पोषण चक्र में जुटाए 21 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** शिक्षण प्रौद्योगिकी फिजिक्सवाला ने हॉर्नबिल कैपिटल की अगुवाई मे वित्त पोषण चक्र में 21 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। इसका मूल्यांकन 2.5 गुना बढ़कर 2.8 अरब डॉलर हो गया है। कंपनी ने शुक्रवार को बताया कि मौजूदा निवेशकों जीएसवी और वेस्टब्रिज के साथ लाइटस्पीड वेंचर पार्टनर्स ने भी इस वित्त पोषण चक्र मे हिस्सा लिया। बयान के अनुसार फिजिक्सवाला प्राइवेट लिमिटेड (पीडब्ल्यू) ने अपने सीरीज बी वित्त पोषण चक्र को पूरा कर लिया है, जिसमें 21 करोड़ डॉलर जुटाए गए हैं। इस निवेश से कंपनी का मूल्यांकन 2.8 अरब डॉलर हो गया है, जो इसके पिछले मूल्यांकन 1.1 अरब डॉलर से 2.5 गुना अधिक है।

# ऑनलाइन सामान मंगाना होगा सस्ता, लॉजिस्टिक लागत कम करेगी सरकार

**नई दिल्ली।**

सरकार अगले 5 सालों में लॉजिस्टिक्स लागत कम करने की योजना बना रही है। अगर ऐसा होता है तो ऑनलाइन मंगाए जाने वाले सामान के साथ खाने-पीने और दूसरी चीजों की कीमत में कमी आ सकती है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने लॉजिस्टिक्स लागत कम करने की बात कही। उन्होंने डेलॉयट गवर्नमेंट समिट में कहा कि मिनिस्ट्री कई हाईवे और एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रही है। इससे भारत की लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने में मदद मिलेगी। गडकरी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि अगले पांच वर्षों में हमारी लॉजिस्टिक्स लागत सिंगल डिजिट में आ जाएगी। हालांकि इकनॉमिक रिसर्च संस्थान टैंक नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के अनुमान के अनुसार भारत में लॉजिस्टिक्स लागत 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद के 7.8 फीसदी से 8.9 फीसदी के बीच थी। गडकरी ने कहा कि उनका लक्ष्य भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को दुनिया में नंबर वन बनाना है। भारत पिछले साल जापान को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा मोटर वाहन बाजार बन गया था। भारत से आगे सिर्फ अमेरिका और चीन थे। गडकरी ने कहा कि भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री का आकार 2014 में 7.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 22 लाख करोड़ रुपये हो जाएगा। भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि अगर हम किसानों की क्रय शक्ति बढ़ा सकें तो



इसका हमारी अर्थव्यवस्था पर बड़ा सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। गडकरी ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत को अपना निर्यात बढ़ाने और आयात कम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश के विकास के लिए स्मार्ट शहरों की तरह स्मार्ट गांव भी जरूरी हैं।

## बैंक ऑफ जापान ने ब्याज दर 0.25 फीसदी पर स्थिर रखा



**नई दिल्ली।** जापान के केंद्रीय बैंक (बैंक ऑफ जापान) ने शुक्रवार को अपनी दो दिवसीय बैठक के बाद अपनी प्रमुख ब्याज दर को 0.25 फीसदी पर स्थिर रखा, जो 2008 के बाद से सबसे ऊंची दर है। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि वर्ष के अंत तक ब्याज दरों में एक और बढ़ोतरी हो सकती है। केंद्रीय बैंक ने लंबे समय से अपनाई गई बेहद आसान मौद्रिक नीति को सामान्य करने के प्रयास में यह कदम उठाया है ताकि देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान न पहुंचे। बैंक ऑफ जापान ने कहा कि जापान की अर्थव्यवस्था ने मध्यम रूप से सुधार किया है लेकिन कुछ कमजोरियां भी नजर आ रही हैं। बैंक का अनुमान है कि अर्थव्यवस्था अपनी संभावित विकास दर से तेज गति से बढ़ती रहेगी, क्योंकि आय से खर्च तक का गुणक चक्र धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है। बैंक ऑफ जापान ने बताया कि देश की मुख्य मुद्रास्फीति दर वित्तीय वर्ष 2025 तक बढ़ती रहेगी। जापान का वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक चलता है यानी 2025 का वित्तीय वर्ष मार्च 2026 में समाप्त होगा।

## अनिल अंबानी की कंपनी में प्रवर्तक 1,100 करोड़ का करेंगे निवेश

**मुंबई।** उद्योगपति अनिल अंबानी की प्रमुख कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में प्रवर्तक 1,100 करोड़ रुपये और मुंबई की दो निवेश कंपनिया 1,910 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। कंपनी के निदेशक मंडल ने हाल ही में 6,000 करोड़ रुपये की निधि जुटाने की योजना को मंजूरी दी। इसमें से 3,014 करोड़ रुपये शेयर के तरजीही आवंटन और 3,000 करोड़ रुपये संस्थागत खरीदारों को शेयर जारी करके जुटाए जाएंगे। शेयर जारी करने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मांगने वाले कंपनी के पोस्टल बैलट के अनुसार पहले चरण में कंपनी 3,014 करोड़ रुपये का तरजीही नियोजन शुरू कर रही है, जिसके तहत 240 रुपये प्रति शेयर के निर्गम मूल्य पर 12.56 करोड़ शेयर या परिवर्तनीय वारंट जारी किए जाएंगे। इसमें से 1,104 करोड़ रुपये रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर की प्रवर्तक कंपनी राइजी इनफिनिटी प्राइवेट लिमिटेड के जरिये निवेश किए जाएंगे। इस तरजीही नियोजन में हिस्सा लेने वाले दो अन्य निवेशक मुंबई स्थित फॉर्च्यून फाइनेंशियल एंड इक्विटीज सर्विसेज और फ्लोरिंट्री इनोवेशन एलएलपी हैं।



# शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीता पूजा हेगड़े ने

दुबई में आयोजित दक्षिण भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (एसआईआईएमए) समारोह में फिल्म अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में हुए इस भव्य समारोह में पूजा ने अपने लोकप्रिय गानों पर शानदार डांस परफॉर्मेंस दी। पूजा ने अपने प्रशंसकों के पसंदीदा गानों बुट्टा बोम्मा (फिल्म अला वैकुंठपुरमुलु) और सीटी मार (फिल्म दुव्वादा जगन्नाधम) पर धमाकेदार डांस किया। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म बीस्ट के हिट गाने अरबी कुथु पर भी परफॉर्म किया। पूजा की परफॉर्मेंस में उनकी एनर्जी और परफेक्शन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपनी प्रस्तुति के बाद पूजा ने कहा, प्रशंसकों के पसंदीदा गानों पर परफॉर्म करना मेरे लिए हमेशा एक अविश्वसनीय अनुभव होता है। उनका अटूट प्यार ही इसे खास बनाता है। दुबई की ऊर्जा और इस शहर का माहौल वाकई अद्भुत है। मुझे यहां परफॉर्म करते हुए बहुत मजा आया। पूजा के अलावा, निधि अग्रवाल, श्रिया सरन, अविका गौर, नेहा शेट्टी, और फारिया अब्दुल्ला जैसी अदाकाराओं ने भी अपने परफॉर्मेंस से इस कार्यक्रम की रौनक बढ़ाई। पूजा हेगड़े ने अपने करियर की शुरुआत साल 2012 में तमिल फिल्म मुगामूडी से की थी और उसके बाद से उन्होंने कई तेलुगु और हिंदी फिल्मों में अपनी पहचान बनाई। उनकी पहली तेलुगु फिल्म ओका लैला कोसम थी, जिसमें उन्होंने नागा चैतन्य के साथ काम किया। हिंदी सिनेमा में पूजा ने साल 2016 में ऋतिक रोशन के साथ फिल्म मोहनजो दारो से डेब्यू किया, जिसे आशुतोष गोवारिकर ने निर्देशित किया था। इसके बाद उन्होंने हाउसफुल 4, राधे श्याम, और किसी का भाई किसी की जान जैसी फिल्मों में काम किया। अगले प्रोजेक्ट की बात करें तो पूजा जल्द ही शाहिद कपूर के साथ एक्शन थ्रिलर फिल्म देवा और फिल्म सूर्या 44 में नजर आएंगी। एसआईआईएमए अवार्ड्स में उनकी इस प्रस्तुति ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पूजा सिर्फ एक बेहतरीन अदाकारा ही नहीं, बल्कि एक शानदार परफॉर्मर भी हैं। बता दें कि एसआईआईएमए अवार्ड्स दक्षिण भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोहों में से एक है, जहां कई दिग्गज कलाकार और फिल्ममेकर्स अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। इस बार भी, समारोह में दक्षिण भारतीय सिनेमा के बड़े-बड़े सितारों ने शिरकत की।



# मिर्जापुर में सफेद साड़ी में नजर आने वाली माधुरी भाभी असल जिंदगी में हैं बेहद ग्लैमरस

वेब सीरीज 'मिर्जापुर 3' ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुकी है। इस सीरीज के हर किरदार ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। मिर्जापुर में एक्ट्रेस ईशा तलवार, माधुरी यादव की भूमिका में हैं। इस सीरीज ने ईशा तलवार को जबरदस्त लोकप्रियता दिलवाई है। सीजन 2 में माधुरी यादव की शादी मुन्ना भइया से हुई थी। तब से लेकर आज तक वो साड़ी में नजर आ रही हैं। वहीं सीजन 3 में वह मुख्यमंत्री बन चुकी है। लेकिन मिर्जापुर में साड़ी में दिखने वाली ईशा तलवार को बेहद सिंपल समझ रहे हैं तो आप गलत है। असल जिंदगी में वह काफी बोल्ड और ग्लैमरस हैं। ईशा तलवार सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है। वह अक्सर अपनी हॉट तस्वीरें भी फैंस के साथ शेयर करती है। ईशा ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत साल 2000 में फिल्म 'हमारा दिल आपके पास है' से बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी। वह आर्टिकल 15, गिन्नी वेड्स सनी और तूफान जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। ईशा तलवार हिंदी फिल्मों के अलावा साउथ की कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। उन्होंने साल 2012 में मलयालम फिल्म से डेब्यू किया था। इसके अलावा वह तेलुगू और तमिल फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। हालांकि उन्हें असली पहचान वेब सीरीज मिर्जापुर से ही मिली।

# 'शौंकी सरदार' से डेब्यू करने को तैयार निमृत कौर

एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया पंजाबी फिल्म 'शौंकी सरदार' से डेब्यू के लिए तैयार हैं। अपने डेब्यू के बारे में निमृत ने कहा, 'पंजाबी फिल्म में डेब्यू करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है, खासकर गुरु रंधावा के साथ जो इंडस्ट्री में एक आइकन हैं। फिल्म में उनके साथ गुरु रंधावा भी होंगे। उन्होंने कहा कि यह फिल्म पंजाब की संस्कृति पर आधारित है। फिल्म 'शौंकी सरदार' एक खूबसूरत कहानी है जो पंजाब की समृद्ध संस्कृति को दर्शाती है और इस सफर को शुरू करने के लिए इससे बेहतर प्रोजेक्ट मेरे लिए नहीं हो सकता था। मुझे यकीन है कि मेरे फैंस मुझे इस नए अवतार में देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। इस फिल्म को गुरु रंधावा के बैनर 751 फिल्म्स के तहत बनाई जाएगी। फिल्म का निर्देशन धीरज केदार द्वारा किया जा रहा है। यह फिल्म दर्शकों को भरपूर मनोरंजन देने का वादा करती है। टीवी शो 'खतरों के खिलाड़ी' में स्टंट करने वाली निमृत ने हाल ही में साझा किया कि उन्हें मांसपेशियों में खिंचाव और शारीरिक दर्द से राहत पाने के लिए फिजियोथेरेपी करवानी पड़ी थी। लेकिन दर्द अभी भी महसूस होता है। अपने अनुभव के बारे में निमृत ने कहा, खतरों के खिलाड़ी में भाग लेना मेरे जीवन के सबसे रोमांचक और गहन अनुभवों में से एक रहा है। मैं इन स्टंट को करने में इतनी खो गई थी कि कई बार सीमाओं का पार कर जा रही थी। मुझे एहसास ही नहीं हुआ कि मैं कितनी थक गई थी। निमृत ने कहा कि वह रोहित शेट्टी की आभारी हैं, जिन्होंने शानदार तरीके से शो को होस्ट किया।



# थाईलैंड के फुकेट में धूप का आनंद ले रही नेहा शर्मा

अपनी बहन आयशा के साथ अभिनेत्री नेहा शर्मा थाईलैंड के फुकेट में धूप का आनंद ले रही है। उन्होंने अपनी यात्रा से एक मजेदार और मुंह में पानी लाने वाला पल साझा किया है। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि उनके खाने की प्लेट पर स्वादिष्ट प्रॉन (झींगे) खाने का मौका मिलने से पहले ही गायब हो गए थे। इंस्टाग्राम स्टोरी पर नेहा ने अपनी मस्ती भरे लम्हों की कई तस्वीरें शेयर की। इनमें से एक में वो आकर्षक लाल रंग के स्विमसूट में थीं, जिसके साथ कैप्शन था, डिनर के लिए तैयार लेकिन अगले ही पल उन्हें शॉक मिला। अपनी अगली पोस्ट में उन्होंने खीरे, प्याज और सॉस की एक प्लेट शेयर की। लेकिन तस्वीर में प्रॉन शामिल नहीं था। उन्होंने इस पोस्ट में अपनी बहन आयशा को टैग किया। चुटकी लेते हुए कहा, झींगे कहां हैं आयशा शर्मा...मैंने शुरू भी नहीं किया था कि वे खत्म हो गए। मस्ती तब भी जारी रही जब नेहा ने एक और फोटो शेयर की, इस बार वह चाय की चुस्की लेती दिखीं। एक आरामदायक और सुकून भरे माहौल के साथ, उन्होंने लिखा, रात को सोने का समय हो गया है... क्योंकि सुबह 7 बजे योग क्लास है जिसे हम मिस नहीं कर सकते। मजेदार फॉलो-अप स्टोरी में नेहा ने एक फोटो पोस्ट की जिसमें वह खूबसूरत हरे रंग की ड्रेस में कॉफी इन्जॉय ले रही हैं। थकान चेहरे पर झलक रही है और उन्होंने तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा, मेरी आंखें मुश्किल से खुल पा रही हैं...लेकिन कॉफी पीने से यह थोड़ा बेहतर हो जाएगा। नेहा ने 2007 में तेलुगू फिल्म चिरुथा से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। पुरी जगन्नाथ द्वारा लिखित और निर्देशित इस एक्शन फिल्म में नवोदित राम चरण के साथ प्रकाश राज और आशीष विद्यार्थी भी थे। नेहा ने हिंदी फिल्मों में 2010 में क्रूक से डेब्यू किया। मोहित सूरी द्वारा निर्देशित और मुकेश भट्ट द्वारा निर्मित इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में इमरान हाशमी, शेला एलन और अर्जन बाजवा मुख्य भूमिकाओं में थे। वह क्या सुपर कूल हैं हम, जयंताभाई की लव स्टोरी, यमला पगला दीवाना 2, यंगिस्तान, तुम बिन 2, तानाजी, मुबारकां, आफत जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। नेहा को लीगल थ्रिलर सीरीज 'इल लीगल' के तीसरे सीजन में वकील निहारिका सिंह के रूप में भी देखा गया था।



# सान्या की नई तस्वीरों पर दिल हार बैठे फैंस

सोशल मीडिया पर अपने फॉलोअर्स के लिए फिल्म अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा ने कुछ तस्वीरें साझा की हैं। एक्ट्रेस सान्या की नई तस्वीरों पर फैंस दिल हार बैठे हैं। सान्या की फोटो पर लगातार उनके फैंस कमेंट कर रहे हैं। एक फैंस ने कहा, क्यूटी, तो दूसरे ने दिल वाला इमोजी भेजकर अपनी भावनाएं प्रकट की। सान्या ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीरें पोस्ट कीं, उसमें वह बगीचे में बैठी नजर आ रही हैं और उन पर सूर्य की रोशनी पड़ रही है। फोटो के कैप्शन में उन्होंने सनफ्लावर इमोजी शेयर किया है। सान्या फिलहाल वरुण धवन, जान्हवी कपूर और मनीष पॉल के साथ सनी संस्कारी की तुलसी कुमार की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में वरुण, जान्हवी और सान्या ने सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की शूटिंग के दौरान लजीज नाश्ते का लुत्फ उठाते हुए तस्वीरें शेयर की थी। वरुण ने कास्ट के साथ तस्वीरें शेयर की थी। जिसमें उन्हें डाइनिंग टेबल पर आराम करते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने चश्मा पहना हुआ है। उनके बगल में जान्हवी उन्हें देखकर मुस्कुराती नजर आ रही हैं। सनी संस्कारी की तुलसी कुमार कथित तौर पर बद्रीनाथ की दुल्हनिया का सीक्वल है। बद्रीनाथ की दुल्हनिया फिल्म में लीड रोल में वरुण धवन और आलिया भट्ट थे। फिल्म को दर्शकों की ओर से भरपूर प्यार मिला था। सनी संस्कारी की तुलसी कुमार से भी फिल्म निर्माता यही उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# युध्रा के लिए सिद्धांत चतुर्वेदी ने की कड़ी मेहनत, 20 किलो वजन किया कम



बॉलीवुड एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी जल्द ही एक्शन फिल्म 'युध्रा' में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म से मालविका मोहनन बॉलीवुड डेब्यू करेंगी। वहीं राघव जुयाल विलेन के रोल में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन रवि उदयवार ने किया है। हाल ही में रवि उदयवार ने फिल्म के लिए सिद्धांत चतुर्वेदी द्वारा किए गए जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन पर रोशनी डाली।

रवि उदयवार ने बताया है कि सिद्धांत को अपने किरदार में पूरी तरह से ढलने के लिए वजन में बड़ा बदलाव करना पड़ा है, जो उनकी मेहनत और समर्पण को दिखाता है। उन्होंने खुलासा करते हुए कहा, हां, युवा कैडेट बनने के लिए उन्होंने बहुत वजन घटाया। आखिर में, उनका वजन बहुत बढ़ गया था। उनका चेहरा खुरदुरा था और आप उनका ट्रांसफॉर्मेशन देख सकते हैं।

रवि ने कहा, यदि आप ट्रेलर देखें, तो उनका वजन बहुत बढ़ गया है। मैंने उनसे कहा, हां, आप बहुत सारा खाना खा सकते हो। क्योंकि ये युध्रा का किरदार है जो लड़ने के लिए तैयार है। मैं कह सकता हूं कि उन्होंने लगभग 20 किलो वजन कम किया है। मैं आपको सटीक वजन नहीं बता सकता, मैं सिद्धांत से पूछकर आपको बताऊंगा। उनके ट्रेनर ने सब कुछ बहुत सावधानी से किया है।

रवि उदयवार से जब पूछा गया कि क्या सिद्धांत को मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग लेनी पड़ी, तो उन्होंने कहा, हां, वह बहुत सारी चीजें कर रहे थे। वह एक मेहनती लड़के हैं। मेरा मतलब है, उन्हें खुद को ट्रेन करना पड़ा। मैं चाहता था कि एक्शन रीयल हो। मैं चाहता था कि वह अपनी सुरक्षा को लेकर सावधान रहें। मैं चाहता था कि वह रियलिस्टिक और हैंड टू हैंड रहें। मैं यह भी चाहता था कि वह ऐसा करे। इसलिए, मैंने उन्हें ट्रेन किया।

20 सितंबर को सिनेमाघरों में आने वाली 'युध्रा' का निर्देशन रवि उदयवार ने किया है और इसे फरहान अख्तर और श्रीधर राघवन ने लिखा है। सिद्धांत चतुर्वेदी और मालविका मोहनन स्टारर यह फिल्म एक्शन से भरपूर अनुभव का वादा करती है।

सिद्धांत ने युध्रा का किरदार निभाया है, जिसपर बदला लेने का जुनून है, जबकि मालविका, निखत का किरदार निभा रही हैं जो कहानी में गहराई और इमोशंस को लाती है। एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर द्वारा प्रोड्यूस, युध्रा में गजराज राव, राम कपूर, राज अर्जुन और राघव जुयाल सहित कई बेहतरीन सपोर्टिंग एक्टर्स भी हैं।

